500+ बिज़नेस आइडियाज इन हिंदी

कम पैसों मे बिजनेस करने के बेहतरीन तरकिबे

प्रमोद खोत

VISIT…

50
बिज़
आइडि

बिज़नेस कैसे शुरू करें?

किसी भी बिजनेस को शुरू करने से लेकर करोड़ों की कंपनी बनाने तक की यात्रा बहुत ही अद्भुत होती है| बिजनेस को शुरू करने के लिए आपको योजना बनानी होती है, कड़ी मेहनत करनी होती है, मुसीबतों का सामना करना होता है, समस्याओं का हल निकालना होता है| जिससे आप अपने बिज़नेस में इतनी तेजी से सफलता की सीढियाँ चढ़ते है कि आपको स्वंय पर विश्वास नहीं होता|यहाँ पर बिजनेस शुरू करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण तरीके बातये जा रहे है-

स्टेप 1:-बिज़नेस प्लान लिखें Write your Business Plan

यदि आप कोई भी बिजनेस करने जा रहे हैं उसके लिए सबसे पहले आप के पास एक प्लान होना चाहिए. हो सकता है अभी तक वह प्लान आपके दिमाग में ही चल रहा है परंतु जितना जल्दी हो सकता है उसे एक पेपर पर लिख लीजिए।

स्टेप 2:- बिज़नेस स्थान चुनें Choose a Business Location

किसी भी बिजनेस को शुरू करने के लिए एक अच्छे स्थान की जरूरत होती है, क्योंकि कोई भी बिजनेस, प्रोडक्ट या सर्विस तभी अच्छी चल पाती है जब वह एक अच्छे स्थान पर हो या कह सकते हैं उसकी बिजनेस लोकेशन बहुत अच्छी हो क्योंकि अगर ग्राहक आपके पास नहीं आएंगे तो आपका बिजनेस चलने में मुश्किल हो सकती है इसीलिए अपने कारोबार को शुरू करने से पहले एक सही स्थान सुनिश्चित करें ।

स्टेप 3:- टीम चुनें Build your Team

किसी भी बिजनेस को बड़ा करने के लिए एक टीम की जरूरत होती है क्योंकि अकेला इंसान बहुत कुछ ज्यादा नहीं कर सकता परंतु एक टीम बहुत बड़ा काम कर सकती है. इसीलिए अपने बिजनेस के लिए एक टीम बनाये और उस टीम में उन लोगों को जगह दें जो आपके विश्वसनीय लोग हैं.

स्टेप 4:- कारोबार के लिए निवेश Finance your Business

किसी भी कारोबार को करने के लिए शुरुआत में पैसे आपको अपने पास से ही लगाने होते हैं परंतु आपके पास भी एक सीमित अमाउंट होता है, जिसे आप कुछ समय तक लगाते रहते हैं. उसके बाद आपको उम्मीद होती है कि

जिस बिजनेस को आप कर रहे हैं उससे आपको कुछ इनकम मिलेगी परंतु यह भी हो सकता है कि आपको इनकम इतना जल्दी ना मिले इसके लिए आपको पहले से पैसों का इंतजाम करके रखना चाहिए.

स्टेप 5:- टेक्नोलॉजी Select your Technology

टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें और अपनी ऑनलाइन मार्केटिंग (Online Marketing) करें| सोशल मीडिया पर अपने बिज़नेस के बारे में लोगों को बताएं और विश्लेषण करें कि कैसे इन्टरनेट और टेक्नोलॉजी की मदद से व्यवसाय को तेजी से सफलता की ओर आगे बढ़ाएंगे|

स्टेप 6:- कर्मचारी जिम्मेदारियों को समझें Understand Employer Responsibilities

अगर आप एक अच्छे बिजनेसमैन हैं और आपका कारोबार बहुत अच्छा चल रहा है तो आपको अपनी जिम्मेदारियां बहुत अच्छे से समझनी चाहिए उनमें सबसे पहली होती है कि आपके जितने भी कर्मचारी हैं उन पर आपको सबसे ज्यादा ध्यान देना है उन्हें यदि कोई समस्या है तो उसका समाधान तुरंत करें. इसके साथ और भी कई सारी जिम्मेदारियां होती हैं एक कंपनी की उन सभी जिम्मेदारियों को आप समय पर और ठीक प्रकार से समझें और उन्हें पूरा करें.

स्टेप 7:- बीमा पॉलिसी ले Purchase an Insurance Policy

जिस प्रकार लोग अपना इंश्योरेंस करवाते हैं बीमा पॉलिसी खरीदते हैं अपना भविष्य सिक्योर करने के लिए ठीक वैसे ही आपको अपने बिजनेस के लिए बीमा पॉलिसी खरीदने की जरूरत होती है क्योंकि भविष्य में यह बीमा पॉलिसी आपके कारोबार को बड़ा करने में सहयोग करेगी.

स्टेप 8:- स्थानीय मदद देखे Find Local Assistance

किसी भी काम को करने के लिए शुरुआत में किसी की भी मदद लेनी पड़ सकती है इसीलिए जहां भी आप बिजनेस शुरू करते हैं जिस तरह का भी बिजनेस करते हैं वहां की स्थानीय मदद लेने के लिए कुछ ऐसे स्रोत ढूंढे जो आपकी सहायता कर सकते हैं जैसे वहां के स्थानीय लोग हो सकते हैं जो आपको आपके बिजनेस में कुछ हेल्प कर सकें.

स्टेप 9:- रखरखाव सूची बनाएं Create a Maintenance List

जब कई सारे लोग एक टीम में मिलकर किसी भी बिजनेस को बढ़ाने के लिए काम करते हैं तो उनके रखरखाव के लिए कुछ चीजों की आवश्यकता होती है जिनका ध्यान एक कंपनी को एक बिजनेसमैन को ठीक समय पर करना चाहिए और यह ठीक समय पर तभी हो सकता है जब इसकी लिस्ट आपके पास हो या इसकी जानकारी आपके पास हो पर यह जानकारी कहां से आएगी जब आप इस सूची को बनाकर अपने पास रखेंगे या इसकी जिम्मेदारी किसी एक ऐसे जिम्मेदार को देंगे जो आपको सही समय पर दे सके.

स्टेप 10:- भविष्य के लक्ष्यों को निर्धारित करें Set Future Goals

किसी भी कारोबार को बड़ा करने के लिए बढ़ाने के लिए भविष्य के लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं, फ्यूचर के लिए गोल सेट किए जाते हैं कि हमें अगले महीने या हमें अगले 6 महीने, या अगले 2 साल में अपने बिजनेस को कहां ले जाना है हमें क्या अचीव करना है. आप भी इस तरह के कुछ लक्ष्य निर्धारित करें अपने बिजनेस के लिए और उसी के हिसाब से काम करना शुरु कर दें.

स्टेप 11:- लीडर Leadership

अपने व्यवसाय को निरंतर रूप से आगे बढ़ाते रहें और एक लीडर की तरह अपनी टीम का नेतृत्व करें| अपनी कर्मचारियों को कर्मचारी न समझकर अपने पार्टनर समझें|

बिजनेस कैसे बढ़ाये

अपने बिजनेस को कैसे बड़ा कर सकते हैं.ये सवाल बहुत सारे लोगों के होते हैं यहाँ पर आपको अपने बिजनेस के कुछ हिस्सों में काम करना होगा जिसके बाद आपका बिजनेस बहुत बड़ा हो जाएगा और आपको भविष्य में कोई दिक्कत भी नहीं आएगी ।

1-बौद्धिक संपत्ति को सुरक्षित रखें Intellectual Property

जब हम बिजनेस करना शुरू करते हैं तो उसके लिए हमें कुछ दस्तावेज यानी कि कुछ कागजी काम करने होते हैं जैसे उसमें हमें अपने बिजनेस का नाम रखना होता है, कंपनी का नाम रखना,व्यापार चिह्न लोगो और अपनी कंपनी को पंजीकृत करना आदि जरुरी काम होता है ।

2- प्रमुख कर्मचारियों को सुरक्षित रखें Make Loyalty between Employees

किसी भी कंपनी या कारोबार में कुछ ऐसे प्रमुख कर्मचारी होते हैं जो आपके कारोबार की बहुत अच्छे से जानकारी रखते हैं जिन्हें आप best employees कह सकते हैं उन्हें प्रोटेक्ट करना बहुत जरूरी है.अगर आपने उन्हें सुरक्षित नहीं किया तो शायद आपके प्रतियोगी competitors उन्हें अच्छा ऑफर देकर अपनी कंपनी में ज्वाइन करा सकते है ।

3-प्रमुख ग्राहकों को सुरक्षित रखें Make Loyalty between Customers

जिस तरह से आप अपने प्रमुख कर्मचारी को सुरक्षित रखते हैं ठीक उसी प्रकार अपने बिजनेस/कारोबार के विशेष ग्राहकों को भी सुरक्षित करें क्योंकि आपके व्यवसाय का अधिकतर मुनाफा आपके कुछ प्रमुख ग्राहकों से आता है।

4-डेटा को सुरक्षित रखें Save your Data

किसी भी बिजनेस को बड़ा करने का ये भी एक महत्वपूर्ण तरीका होता है क्योंकि किसी भी कंपनी के लिए डाटा बहुत ही इम्पोर्टेन्ट होता है आप भी अपने बिजनेस का डाटा सुरक्षित रखें ।

बिजनेस लोन कैसे लें?

देश में छोटे उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई तरह की लोन स्कीमें शुरू की हैं. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अलावा अन्य कई स्कीमें भी हैं जिनमें आप छोटी रकम से लेकर बड़े लोन तक ले सकते हैं।

बिजनेस लोन क्या है What is a Business Loan

यह वास्तव में आपकी कारोबारी जरूरतों को पूरा करने के लिए लिया जाने वाला लोन है.अगर आप भी किसी बैंक से बिजनेस लोन लेना चाहते हैं तो उसकी प्रक्रिया निम्न प्रकार है-

विस्तृत बिजनेस प्लान बनाएं.

आप जिस बैंक से कर्ज लेना चाहते हैं, उसे अपना बिजनेस प्लान बताएं.

इसके बाद यह तय करें कि आपको कितना लोन चाहिए.

अपने क्रेडिट स्कोर के बारे में पता करें.

वास्तव में बैंक आपकी कारोबारी योजना के हिसाब से आपको लोन देने का फैसला करते हैं. अगर बैंक को यह लगता है कि आपका कारोबार और उससे होने वाला मुनाफा इतना होगा कि आप अपने खर्च पूरे करने के बाद

तय अवधि में बैंक का लोन वापस चुकाने में समर्थ होंगे, तभी बैंक आपका लोन मंजूर करता है।

बिजनेस लोन के लिए क्या करे What to do for Business Loans

सबसे पहले अपना बिजनेस प्लान तैयार करिए।

जिस बैंक अथवा सरकारी योजना के तहत लोन लेना है उसकी विस्तृत जानकारी एकत्र कर लीजिये।

उस जानकारी के आधार पर लोन के लिए आवश्यक दस्तावेज़ तैयार कर लीजिये।

अब लोन के लिए बैंक के पास जाइए अथवा ऑनलाइन आवेदन करिए।

बिजनेस लोन लेने के फायदे क्या हैं Benefits Business Loan

नकदी की आवक,

कारोबारी जरूरत के लिए पैसे की मदद,

छोटी और लंबी, दोनों अवधि के लिए वित्तीय जरूरत पूरी होना।

कौन कर सकता है बिजनेस लोन के लिए आवेदन Who can Apply

खुद का कामकाज कर रहे व्यक्ति उद्यमी,

प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां,

पार्टनरशिप फर्में।

बिजनेस लोन के लिए सरकारी योजनाओं के नाम Govt Schemes for Loan

मुद्रा योजना:- मैक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रीफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड, इस योजना का लक्ष्य गैर पारंपरिक व्यवसाइयों को उद्यम स्थापित करने के लिए बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत उद्यम के प्रकृति के अनुसार लोन उपलब्ध कराने के लिए इसे तीन श्रेणी में विभाजित किया गया है:-शिशु श्रेणी, किशोरे श्रेणी,एवं तरुण श्रेणी।

प्रधानमंत्री एम्प्लॉयमेंट जनरेशन प्रोग्राम-इस योजना के तहत लोन को दो वर्गों में विभाजित किया गया है।

सर्विस सेक्टर में बिजनेस हेतु रूपए 15 लाख तक का लोन दिए जाने का प्रावधान है।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बिजनेस हेतु रूपए 25 लाख तक का लोन दिए जाने का प्रावधान है।

महिलाओं को बिजनेस हेतु उपलब्ध कराने के लिए कई बैंकों ने योजनाओं की शुरुआत की है जो निम्नलिखित है-

वैभव लक्ष्मी योजना:- यह योजना बैंक आफ बडौदा द्वारा महिलाओं को व्यवसाय हेतु लोन देने के लिए शुरू किया गया है।

वी शक्ति योजना:- यह योजना विजया बैंक द्वारा महिलाओं को व्यवसाय हेतु ऋण देने के लिए शुरू क्या गया है।

सिंड महिला शक्ति :- इस योजना के सिंडिकेट बैंक द्वारा 20 हज़ार महिला कारोबारियों को लोन दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बिजनेस के लिये बैंक से कैसे लोन लें Loan from a Bank

बैंक से लोन के लिए आपको कुछ बातों का विशेष खयाल रखना चाहिए। आपके पास बिजनेस शुरु करने के लिए साफ सुधरा प्लान होना चाहिए जिससे बैंक आपको लोन दे सके, बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए कुछ चरण निम्न प्रकार है-

पहला चरण-बैंक के पास लिखित बिजनेस प्लान के साथ जायें। आप चाहें तो बिजनेस प्लान लिखने वालों की मदद ले सकते हैं। लोन की राशि आपके बिजनेस के स्वरूप पर निर्भर करता है साथ ही आप बिजनेस में कितना कमा सकते हैं।

दूसरा चरण-हर बैंक का लोन देने का अपना नियम होता है ऐसे में लोन के लिए आवेदन करने से पहले बैंक के बारे में जानकारी जरूर प्राप्त करें, कि क्या बैंक आपकी जरूरत के हिसाब से लोन दे सकती है या नहीं। कई बैंकों की स्कीम की खोजबीन करें, माइक्रो, छोट और मध्यम वर्ग के व्यापार के लिए अलग-अलग नियम लागू होते हैं ऐसे में इन नियमों की जानकारी प्राप्त करें।

तीसरा चरण-सभी दस्तावेज तैयार रखें, अगर आप बिजनेस लोन के लिए गारंटी स्वरूप कुछ दे सकते हैं तो लोन लेना आसान हो सकता है। ऐसे में अगर आप डिफाल्ट होते हैं तो उस संपत्ति से बैंक पैसे वसूल सकती है।

चौथा चरण-एक बार दस्तावेजों के जमा होने के बाद यह बैंक पर निर्भर करता है कि वह लोन देना चाहता है या नहीं। लोन की धनराशि कितनी

होगी इस बात का भी फैसला बैंक आपके बिजनेस के स्वरूप के आधार पर देगी।

व्यापार में सफल होने के शीर्ष नियम

व्यापार में सफल होने के लिए, यहाँ पर कुछ नियमों दिए गए है प्रत्येक नियम केवल महत्वपूर्ण है, लेकिन जब वे एक साथ काम करते हैं, तो प्रभाव बहुत मजबूत होते हैं। इन नियमों के साथ व्यापार करने से बाजारों में सफल होने की संभावनाएं बहुत बढ़ सकती हैं।ये नियम निम्न प्रकार है-

नियम 1-अपने व्यवसाय के प्रति समर्पित रहे

अगर आपमें अपने काम के लिए पैशन (passion) हो तो आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता। खुदपर और अपनी काबिलियत पर विश्वास रखें और दूसरों की बातों में न आएं। काम वही करें जिसे आप पसन्द करते हों ताकी आप हर रोज़ अपने काम को पिछले दिन से बेहतर करने की कोशिश करें। और देखते ही देखते आपके साथ काम करने वाले भी आपसे यह सीख लेगें।

नियम 2-लाभ (Profit) को सभी काम करने वालों में बाटिये और उनसे पार्टनर की तरह व्यवहार करिए

आपको जो भी सफलता प्राप्त हुई या हो रही है वह आपके अकेले की मेहनत का फल नहीं है। आप के साथ और भी बहुत से लोग जुड़े हैं जो आपके लिए काम करते हैं। उन्हे स्पेशल और इम्पोर्टेन्ट फील करवाइए और अपने प्रॉफिट को उनके साथ भी बाँटिये । हो सके तो उनको अपना पार्टनर बना लीजिए। अगर वे आपकी कंपनी का एक भी स्टॉक खरीदते हैं तो वे कंपनी को आगे ले जाने के लिए जी जान लगा देंगे। इस से आपका भी फायदा होगा और उनका भी ।

नियम 3-अपने पार्टनर्स को मोटीवेट कीजिये

ध्यान रहे पार्टनर होने के साथ-साथ ये लोग आपके कर्मचारी भी हैं तो इन्हे इन्हे मोटीवेट करते रहना ज़रूरी है । आपको चाहिए के आप समय-समय पर कुछ ऐसे इनोवेटिव और मोटिवेशनल चैलेंजेज (challenges) उन्हें दें जिससे उनके अन्दर हमेशा अच्छा करने का जोश रहे। अपने आपको कभी भी पारदर्शी (transparent) मत बनाइए, कोशिश करिये की लोग अनुमान लगते रहे-“आगे क्या होगा?” इस से सब अपने काम को मज़ा लेकर करेगे।

नियम 4-पार्टनर्स को हर बात कम्यूनिकेट करे

आपको चाहिए की आप बिज़नेस की हर बात अपने partners को बताये क्या है और कैसे है, सब कुछ उनसे शेयर करें इस से उन्हे खुद पर विश्वास बनेगा और आप पर भी। वे खुद को आर्गेनाइजेशन (organization) का ज़रूरी हिस्सा पाएगे और जी जान से कंपनी की कामयाबी के लिए काम करेंगे।

नियम 5-सहयोगी (Associates) को अप्प्रेसियते (Appreciate) कीजिये

आपके पार्टनर आपके लिए काम भी करते हैं और हर कोई अपने काम के लिए प्रशंसा सुनना चाहता है। इसे समझ कर हमेशा बेहतर काम करने वाले की प्रशंसा कीजिये।ऐसा करने से वे आपके प्रति लॉयल (Loyal) रहेंगे ।

नियम 6अपनी सफलता का जश्न मनाये-

हर दिन कुछ नया और थोड़ी ही सही पर सफलता लेकर आता है और इसे सेलिब्रेट करना तो बनता है। ज़रूरी नहीं आप नाच गा कर इसे सेलिब्रेट करे, थोडा मज़ाक कुछ मस्ती सब के साथ करने से भी आपका मक़सद पूरा हो जाएगा । इस अवसर को गवाए बिना एन्जॉय ज़रूर कीजिये ।

नियम 7-अपनी कंपनी में सब को सुनीए

जो लोग दिन भर कस्टमर्स से बात करते हैं और उनको सुनते हैं वे बेहतर जानते हैं क्या और कहाँ कमी है इसी लिए उनको सुनीए । लोअर(lower) से हायर(higher) हर लेवल के लोगों से feedback मांगिए इस से सुधार के रास्ते खुलेगे और सफलता पाना आसान हो जाएगा ।

नियम 8-अपने Customers को उम्मीद से ज्यादा दीजिये

अगर आप एक की उम्मीद मैं हों और आपको दो मिल जाए तो आप क्या करेगे? ऐसा ही कुछ अपने Customers के लिए करें ताकि वे दोबारा आपके पास आए । अगर आप गलत है तो स्वीकार कर माफ़ी मांगे और कुछ ख़राब है तो उसे सही करें।

नियम 9- अपने खर्चों को कंट्रोल (Control) करें

अपने खर्चों पर ध्यान देकर और अनावश्यक खर्च किये बिना भी आप अपने बिज़नेस में अच्छी ग्रोथ कर सकते है।अपने सभी स्टाफ को ऐसे काम दें जिसमे वे अपना बेस्ट कर पाएं बिना ज़्यादा खर्च किए।

नियम 10-बहाव से विपरीत जाएं

जो सब कर रहे हैं वही अगर आप भी करेगे तो आप कामयाब नहीं हो सकते इसी लिए अपना रास्ता उल्टी दिशा में बनाए। और एक बात के लिए तैयार रहें के सब लोगों को आपका यह कदम शायद पसंद ना आए और वे आपको ऐसा करने से रोकें।आप अपना काम करते रहें और सफलता आपको खोजती हुई आपके बनाये रास्ते पर आपके पीछे ज़रूर आएगी ।

स्टार्टअप क्या है?

स्टार्टअप का मतलब एक नई कंपनी से होता है।आमतौर पर उसको शुरू करने वाला व्यक्ति उसमें निवेश करने के साथ साथ कंपनी का संचालन भी करता है। स्टार्टअप कंपनी ऐसे प्रोडक्ट्स या सर्विस को लांच करती है, जो कि मार्केट में उपलब्ध नहीं होते है। जब आपके प्रोडक्ट्स या सर्विस से लोगो की लाइफ में चेंज या आसानी होती है तो देखते-देखते आपका स्टार्ट-अप उचाईया छूने लगता है, जैसे- स्नैपडील, ओला कैब्स, पेटीएम, फ्लिपकार्ट, ओयो रूम आदि ।

स्टार्टअप शुरू करना चाहते है तो पहले करें ये काम

आज के समय में युवाओं में खुद के बिजनेस को लेकर काफी उत्साह रहता है जिससे वे स्वरोजगार की ओर अधिक आर्कषित हो रहे हैं। अगर आप भी स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, तो आप कुछ बातो का ध्यान रख सकते है जैसे-

किसी भी बिजनेस को शुरू करने के लिए सबसे पहले एक यूनिक और इनोवेटिव आइडिया की जरूरत होती है।

बिजनेस को सफल बनाने के लिए प्लानिंग जरुरी है बिजनेस प्लान बनाएं जिससे आप आने वाले समय की रुरेखा तैयार करे तथा उस हिसाब से काम कर सके।

कोई भी बिज़नेस शुरू करने से पहले मार्किट रिसर्च करे जिससे आपको बाजार में क्या चल रहा है सब पता हो।

बिजनेस शुरू करते वक्त अपने स्टार्टअप के नाम का चयन करे और अगर आप अपने बिजनेस के नाम को भविष्य में एक बड़ा ब्रांड बनाना चाहते हैं, तो नाम छोटा और सरल सोचें।

बिजनेस का एक मॉडल तैयार करें, कि आपका बिजनेस काम कैसे करेगा,क्या-क्या सर्विस आपको देनी है, लोगों को आपके बिजनेस से

कितना फायदा मिलेगा आदि बाते तय कर ले।

किसी भी बिजनेस को शुरू करने के लिए रजिस्टर कराना जरूरी है।

स्टार्टअप में काम करने के फायदे

स्टार्टअप में काम करने के बहुत अलग-अलग फायदे होते है जैसे-

सिखने के लिए बहुत कुछ मिलता है ।

यहाँ पर कर्मचारी बिना किसी सुपरविशन के काम करते है वो इसमें स्मार्ट फैसले लेते है और परिणामो के लिए तैयार रहते है जिससे उन्हें आगे बढ़ने के लिए मोटिवेशन मिलती है ।

यूनिक या नया एक्सपेरिसन्स प्राप्त होता है ।

इसमें आपको अपना टैलेंट दिखाने का अवसर मिलता है और आपका आईडिया पसंद आने पर इंसेंटिव भी मिलता है ।

यहाँ काम करने पर अन्य सुविधाएं जैसे-कमचारियों को डिस्कोट्स और फ्री सर्विसेज,घर से काम करने की सुविधा,अच्छा वातावरण आदि।

स्टार्टअप में काम करने के नुकसान

सोशल लाइफ का कम होना।

स्टार्टअप कंपनी शुरूआती समय में ज्यादा सैलरी नहीं देते है ये अन्य चीज़ो पर ज्यादा जोर देते है लेकिन अच्छी ग्रोथ होने पर आप अच्छी इनकम पा सकते है ।

स्टार्टअप फाउंडर के पास बहुत अच्छे आईडिया होते है जिससे वे बुनयादी पैसा जमा कर लेते है लेकिन एक अनुभवी लीडर की कमी रहती है।

स्टार्टअप इंडिया स्कीम

स्टार्टअप इंडिया सरकार द्वारा लायी गयी योजना है जिसमे उद्योगों व व्यापार को बढ़ावा देना है। इसमें उन्हें उचित दामों पर लोन दिया जाता है जिससे वो ग्रो कर सके और सफलता पा सके।

स्टार्टअप इंडिया में टैक्स या कर छूट

स्टार्टअप्स में कारोबारियों को शुरू के तीन साल में इनकम टैक्स से पूरी छूट दी जाएगी।

स्टार्टअप इंडिया स्कीम के लाभ

स्टार्टअप इंडिया स्कीम से जुड़ना बहुत ही आसान प्रक्रिया है ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन द्वारा आप स्कीम से जुड़ सकते है ।

इस स्कीम में उद्यमी को कारोबार से जुडी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाती है ।

स्टार्टअप स्कीम में 1 अप्रैल 2016 के बाद रेजिस्टर हुई कंपनियों को अफ्ले 3 साल ले टैक्स से छूट दी गयी है ।

भारत सरकार ने स्कूलो में स्टार्टअप संभंधित कार्यक्रम चालये जायेंगे जिसे ज्यादा से ज्यादा बच्चे इस स्कीम के बारे में जान सके ।

स्टार्टअप इंडिया स्कीम के लिए योग्यता

स्टार्टअप इंडिया स्कीम में 5 वर्ष से अधिक पुरानी कंपनी को नहीं जोड़ा जायेगा।

स्कीम के अंतर्गत आने आने वाली कंपनी का वार्षिक टर्नओवर 25 करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए।

प्राइवेट कंपनी या पार्टनरशिप फर्म या एलएलपी स्टार्टअप इंडिया स्कीम के अंतर्गत आएगी ।

स्टार्टअप कंपनी में नवीकरण और टेक्निक्स का अधिक यूज़ कर रहा हो।

स्टार्टअप कंपनी का बिज़नेस मॉडल रोजगार को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए।

स्टार्टअप इंडिया स्कीम के लिए आवेदन कैसे करे

स्टार्टअप इंडिया स्कीम से जुड़ने के लिए उम्मीदवार इस स्कीम की ऑफिसियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते है ।

उसमे दी गयी सभी जानकारी को ध्यान से पढ़े और पहर फॉर्म फइलल कर सकते है ।

स्टार्टअप शुरू करने के लिए अन्य सहयोग

स्टार्टअप शुरू करने के लिए सरकार ने कई स्कीम चलायी है जिसमे नए उद्यमी उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और लोन भी प्रोवाइड कराया जा रहा है।

कम पूंजी से शुरू होने वाले बिज़नेस

आज के समय में सभी लोग पैसा कमाना चाहते है। कोई जॉब करना पसंद करते है, कोई अपना बिज़नेस करना चाहते है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या इन्वेस्टमेंट की होती है। उनके पास किसी बिज़नेस को स्टार्ट करने के लिए प्रॉपर इन्वेस्टमेंट नहीं होती है। तो इस तरह आजकल व्यापार शुरू करने के लिए पैसो से ज्यादा सही विचार (Idea) और उसके सही इम्प्लेंनेटशन की जरुरत होती है। कुछ काम पूंजी से शुरू होने वाले बिज़नेस निम्न प्रकार है-

अगरबत्ती बनाने का व्यापार Agarbatti Business,

फ़ूड बिज़नेस Food Business,

हैंडीक्राफ्ट या हैंडमेड सामानHandcrafted or Handmade Accessories,

फर्नीचर मैन्युफैक्चरिंग व्यापार Furniture Manufacturing Business,

ई-कॉमर्स और इंटरनेट E-commerce and Internet,

बेबी कीपिंग सर्विस Baby Keeping Service,

एप्लायंस रिपेयर सर्विस सेंटर Appliance Repair Service Center,

मोबाइल फ़ूड सर्विस Mobile Food Service,

सेकंड हैंड प्रोडक्ट्स सेल Second Hand Products Sale,

PET केयर सेंटर PET Care Center,

फैशन बुटीक Fashion Boutique,

इवेंट मैनजमेंट Event Management,

कंसल्टेन्सी Consultancy,

रेन वाटर हार्वेस्टिंग Rain Water Harvesting,

कूरियर कंपनी Courier Company,

ट्रांसलेशन का काम Translation Work,

इंटीरियर डेकोरेशन वर्क Interior Decoration Work,

गार्डनिंग सर्विस Gardening Service,

मेडिकल टूर सर्विसेज Medical Tour Services,

ऑटो मॉडिफिकेशन वर्क Auto Modification Work,

डाइटरी कंसल्टेंसी सर्विसेज Dietary Consultancy Services,

डांस क्लास Dance Class,

पैकर्स एंड मोवेर्स वर्क Packers and Movers Work,

कार पार्किंग Car Parking,

स्पोर्ट्स कोचिंग Sports Coaching,

ट्रेवल एजेंसी Travel Agency,

रियल एस्टेट एजेंट Real Estate Agent,

सेकंड हैंड कार डीलरशिप का काम Second Hand Car Dealership,

मोबाइल गेराज सर्विसेज Mobile Garage Services,

DJ साउंड सर्विस DJ Sound Service,

नोट-ऐसे ही कई अन्य शानदार बिज़नेस आईडिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानने के लिए आप हमारी बिज़नेस प्लान केटेगरी में जाकर उनके बारे और अधिक विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

बिजनेस प्लानिंग कैसे करे

किसी भी बिज़नेस/व्यापार को शुरू करने से पहले प्लानिंग (Planning) एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं और लिखित बिज़नेस प्लान बनाना इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं| किसी सेल्फ इन्वेस्टमेंट में बिज़नेस प्लान की कोई जरूरत नहीं है लेकिन बैंक लोन या इन्वेस्टर से इन्वेस्ट्मेन्ट के लिए बिज़नेस प्लान की जरूरत होती है बिज़नेस प्लान एक तरह से आपके बिज़नेस का नक्शा (Map) या ब्लूप्रिंट होता हैं जिसमें आपके बिज़नेस की सामान्य जानकारी, व्यवसाय के लक्ष्य और उन लक्ष्यों को प्राप्त करने का तरीका आदि बातें लिखी होती हैं। बिज़नेस प्लान आपके गाइड के रूप में काम करता हैं।

बिज़नेस प्लान क्या है What is a Business Plan

कोई भी काम शुरू करने से पहले उसकी योजना बनाई जाती है। यही बात बिज़नेस पर भी लागू होती है तो योजना का लिखित रूप Business Plan कहलाता है। दरअसल बिज़नेस प्लान एक ऐसा डॉक्युमनेट है जो किसी

नए Business के 'क्या', 'क्यों' और 'कैसे' जैसे सभी प्रश्नों का उत्तर देता है । जैसे

हमारा बिज़नेस क्या है ?

हम ये बिज़नेस क्यों करना चाहते हैं?

हम इस बिज़नेस को कैसे करेंगे ?

इन सभी प्रश्नों के उत्तर हमे बिज़नेस प्लान के द्वारा मिलता हैं । प्रमुख रूप से बिज़नेस प्लान नये व्यवसाय के लिए होता है लेकिन कोई वर्तमान बिज़नेस कुछ नया कर रहा है तो भी बिज़नेस प्लान बनाकर बिज़नेस को आगे बढ़ा जा सकता है। बिज़नेस प्लान से सिर्फ स्टार्ट-अप नहीं बनती है बल्कि बिज़नेस को स्थापित (Established)भी करता है । समय-समय पर परिस्थितियों के अनुसार बिज़नेस प्लान में बदलाव भी किए जा सकते है।

बिज़नेस प्लान क्यों बनाया जाता है Why a Business Plan is Made

आप यह सोचते होंगे हैं कि बिज़नेस प्लान को बनाने की जरूरत क्या है। अपने बिज़नेस प्लान के माध्यम से आप अपने निर्धारित लक्ष्यों का लिखित रूप और उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए क्या रणनीति बना रहा है, स्पष्ट रूप से बताता है। व्यावसायिक योजना या बिज़नेस प्लान निम्न उद्देश्यों के लिए बहुत जरूरी होता हैं-

बैंक में बिज़नेस लोन के लिए अप्लाई करना,

अपने स्मॉल बिज़नेस (Small Business) या स्टार्ट-अप के लिए Venture Capital Firm या Crowdfunding जैसे अन्य तरीकों से फण्ड (Fund) जुटाना,

बिज़नेस से सम्बंधित किसी भी प्रकार की सब्सिडी (Subsidy) या कोई स्कीम (Scheme) के लिए अप्लाई करना,

बिज़नेस पार्टनरशिप और फ्रेंचाइजी आदि के लिए।

एक अच्छी तरह से बनाए गए Business Plan से न केवल बैंक और अन्य बाहरी स्त्रोतों से वित्त (Funding or Finance) प्राप्त करना सरल होता है बल्कि Internal Operations में भी यह सहायक होता है।

अच्छा बिजनेस प्लान कैसे बनाए How to Write a Good Business Plan

किसी भी काम में सफलता के लिए योजना बनायीं जाती हैं। यदि बिज़नेस में सफल होना हो तो प्लानिंग जबरदस्त होनी चाहिए। बिज़नेस स्टार्ट करना आसान काम है लेकिन उसे continue रखना और उसमे सफल होना अलग बात है कोई भी व्यवसाय शुरू करने से पहले उसकी योजना Business Plan के रूप में तैयार की जाती है। इसलिए एक अच्छे बिज़नेस प्लान को बनाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखा जाता है। ये निम्न प्रकार है-

इस बिज़नेस प्लान को बनाने का Core Objective क्या है ?

बिज़नेस प्लान को किन लोगों के लिए बनाया जा रहा है । अथार्थ इसे पढ़ने वाले लोगों में Investors या Bankers हैं जिनका धन व्यवसाय में इन्वेस्ट हुआ है ?

आपके बिज़नेस प्लान में क्या-क्या शामिल है?

आपको एक संक्षिप्त या विस्तृत बिज़नेस प्लान चाहिए ?

जब इन प्रश्नों का उत्तर मिल जाता है तो एक व्यवसायी अपना बिज़नेस प्लान बनाना शुरू करता है। किसी भी एक सफल और स्पष्ट Business Plan में निम्न विषयों पर ध्यान Focus दिया जाता हैं-

1. बिजनेस का उदेश्य क्या है,
2. Business के स्पष्ट विवरण का वर्णन,
3. व्यवसाय के उत्पाद और सेवाएँ क्या हैं,
4. मार्केट विश्लेषण में सहायक,
5. व्यावसायिक ढांचे का विवरण,
6. संसाधनों का उपयोग,
7. लक्ष्य निर्धारण।

बाजार विश्लेषण Market Analysis

इसमें आपके प्रोडक्ट (Product) या सेवाओं (Service) के Target Market से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण बातों का एनालिसिस किया जाता हैं जैसे-

टारगेट मार्केट, मार्केट साइज़ और डिमांड,

आप किसे बेचेंगे–टारगेट कस्टमर (Customer), उनका व्यवहार, वर्ग और खरीद शक्ति (Purchasing Power),

आपके competitors कौन हैं और उनके पास कितना मार्किट शेयर (Market Share) हैं, उनकी शक्तियां और कमजोरियां,

भविष्य में डिमांड और मार्केट में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन।

बाजार रणनीति Marketing Strategy

बिज़नेस प्लान का यह भाग बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस भाग में उन सभी नीतियों का वर्णन होता है जो आप अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज को कस्टमर तक पहुँचाने और Market Promotion के लिए प्रयोग में लाना चाहते हैं। इस भाग के अंतर्गत आपको निम्न बातों को निर्धारित करना होता हैं-

आपके Product या Service मार्केट में अपनी जगह कैसे बनायेंगे,

आपके टारगेट कस्टमर कौन हैं जो सबसे पहले आपके प्रोडक्ट या सर्विसेज में रुचि दिखायेंगे और आप उन तक कैसे पहुंचेंगे,

आपकी प्राइसिंग पॉलिसी (Pricing Policy) क्या होगी,

आप अपने Product या Service को किस तरह से प्रमोट (Promote) करेंगे जैसे Direct Marketing, Advertisement Social Media etc.

आप किस तरह से अपने प्रोडक्ट या सर्विसेज को कस्टमर तक पहुंचाएंगे– डिस्ट्रीब्यूशन चेनल,

आपकी सेल्लिंग स्ट्रेटेजी (Selling Strategy) क्या होगी?

कार्यप्रणाली Operations

इस भाग में Business Operations यानि कि “व्यवसाय कैसे चलेगा” इससे सम्बंधित सभी बातों की विस्तृत जानकारी होती हैं जैसे-

बिजनेस जगह (Business Place) – आप किस जगह पर अपना व्यवसाय करेंगे।क्या आप जगह खरीदेंगे या किराये पर लेंगे।

प्रोडक्शन (Production Facility and System) – आपके पास प्रोडक्शन फैसिलिटी किस प्रकार की हैं और क्या यह जरूरत के मुताबिक हैं।

परचेस प्लान (Purchase Plan)–आप अपने इनपुट्स (Inputs) को किस तरह से खरीदेंगे और क्या यह सबसे बेहतर तरीका हैं।

प्रोडक्शन प्लान (Production Plan)– आप किस प्रकार अपने प्रोडक्ट का उत्पादन करेंगे| डिमांड के आधार पर या एस्टिमेट्स (Estimates) के आधार पर।

वर्कफोर्स स्ट्रक्चर (Workforce Structure and their Roles) – आपके कर्मचारियों के पद, कार्यक्षेत्र और उनकी जिम्मेदारियां।

टेक्नोलॉजी (Systems and Information Technology)– आपके व्यवसाय का मुख्य IT सिस्टम किस तरह का होगा

भण्डारण (Store Facility)– आप कितना Stock रखेंग और कहाँ पर रखेंगे।

वित्तीय योजना Financial Analysis

किसी भी बिज़नेस प्लान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वित्तीय योजना होता हैं क्योंकि इस भाग में आपके व्यवसाय की सारी महत्वपूर्ण बातों और Projection को फिगर्स या नंबर्स में प्रस्तुत करता हैं| इसी भाग से बैंक या वेंचर फर्म को आपके व्यवसाय की वित्तीय स्थिति और पूँजी की आवश्यकता का पता चलता हैं जिसके आधार पर बैंक, लोन देती हैं और Venture Capital Firms, निवेश करते हैं| यह हिस्सा मुख्य रूप से निम्न बातों पर केन्द्रित होता हैं-

आपको व्यापार के लिए कितनी पूँजी या Fund की जरूरत हैं और इसका उपयोग कहाँ कहाँ पर करेंगे – Capital/Fund Requirement

आप इस पूँजी को कैसे जुटाएंगे–Loan, Venture Funding, Crowd Funding, Own Capital etc.

आप कितने वर्ष के लिए लोन लेंगे, इसकी सिक्योरिटी (Security) क्या होगी और इसका पुनर्भुगतान कैसे करेंगे,

आपके बिज़नेस के Revenue/Income Sources क्या होंगे – Sales, Other Incomes

आपके बिज़नेस के खर्चे (Exepnditure) क्या होंगे– Purchases, Interest Payment, Rent etc.

Sales, Revenue और Expenses के आधार पर आपके बिज़नेस के अगले 3-5 वर्षों लाभ और हानि Forcast,

आपके बिज़नेस का Growth Forcast,

बिज़नेस रिस्क और उसके संभावित परिणाम।

बिज़नेस प्लान आपके व्यवसाय का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं जो आपके Business को आगे बढ़ाने में निरंतर रूप से आपको गाइड करता है। इसलिए इसका निर्माण बहुत ध्यान पूर्वक करना चाहिए।

बिना पैसे- बिज़नेस आईडिया

बिना पैसे के शुरू किये जाने वाले बिज़नेस आईडिया

बिजनेस की शुरुआत में अक्सर सबसे ज्यादा प्रॉबलम पैसों की आती है। कई बार पैसे की कमी के कारण अच्छी शुरुआत के बाद भी बिजनेस चल नहीं पाता है।यहां पर आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया बताएंगे जिसमें पैसों की जरूरत बेहद कम है या फिर ना के बराबर है और इन बिजनेस आइडिया के जरिये आप अच्छी कमाई कर सकते हैं।

बिना पैसा में किये जा सकने वाले बिज़नेस इस प्रकार है-

इंटीरियर डिजाइनर बिज़नेस आईडिया

इंटीरियर डेकोरेटर बिज़नेस आईडिया Interior Design Business Ideas

इंटीरियर डिजाइनर का व्यापार शुरू करना एक अच्छा बिज़नस आइडिया है, यह बिज़नेस एक तरह का सर्विस प्रदान करने वाला बिज़नस है, जिसमे किसी इन्वेस्मेंट की आवश्यकता नहीं होती।परंतु इसके लिए आपके पास खास ज्ञान और क्रिएटिविटी की आवश्यकता होती है जिससे आप कुछ नया क्रिएट कर सके और लाभ कमा सके।

ऑनलाइन बिजनेस आइडिया Online Business Ideas

ऑनलाइन बिज़नेस

आज के समय में ऑनलाइन व्यापार एक छोटा और बहुत अधिक संभावनाओं वाला बिज़नस है। इससे बहुत अच्छा लाभ कमाया जा सकता है. ऑनलाइन कारोबार शुरू करना मेहनत के बिना पैसे कमाने का सबसे अच्छा तरीका है जिसे बिना किसी इनवेस्टमेंट के शुरू कर सकते है। आपको बस कुछ तकनीकी कौशल और विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता है।

ऑनलाइन शॉप Online Shop,

ऑफर ग्राफ़िक्स सर्विस Offer Graphics Services

ऑनलाइन टीचिंग Online Teaching,

फ्रीलांसर Freelance,

कार और मोटरसाइकिल को ऑनलाइन बेचें Sell Car and Bike Online,

यूट्यूब चैनल You Tube Channel,

ट्रेडिंग Buy and Sell शेयर

एफिलिएट मार्केटिंग Affiliate Marketing,

ऑनलाइन Data Entry Job के जानकारी

वेबसाइट डिजाईन कंपनी Website Design Company ,

बिज़नस प्रमोशन – एस.इ.ओ. Business Promtion –SEO,

वेबिनार Webinar होस्ट बनें

पेड ऑनलाइन सर्वे से पैसा कमायें Make Money Online with Paid Online Surveys,

पुराने सामान को बेचना Selling Old Goods Online ,

ऑनलाइन लिखने के काम से पैसे कमाना Make Money Online By Writing,

सामान बेचने की वेबसाइट Start Small Shopping Portal ,

Sell eBooks

फोटो को ऑनलाइन बेचकर पैसा कमायें Make Money by Selling Online Photo,

विडियो एडिटिंग सेवा Online Video Editing Service,

ऑनलाइन गिफ्ट बेचना Selling Gift Items Online ,

ऑनलाइन आर्टवर्कस को बेचना Selling Artworks Online ,

ऑनलाइन टेक्निकल ट्रेनर Online Technical Trainer ,

मोटिवेशनल स्पीकर Motivational Speaker ,

ऑनलाइन हस्तनिर्मित शिल्प विक्रेता Online Handmade Craft Seller ,

ई-कॉमर्स वेबसाइट E-commerce Website,

एप मेकिंग स्टोर ऑनलाइन App Making Store Online,

ऑनलाइन ब्लॉगर्स बनें Online Bloggers.

टिफिन सर्विस बिज़नेस आईडिया

टिफिन सेंटर बिज़नेस आईडिया Tiffin Service Business Idea

अगर आपको खाना बनाने का शौक है तो ये बिज़नेस आपके लिए फ़ायदेमन्द हो सकता है। इस बिजनेस को छोटे व बड़े दोनों लेवल पर भी किया जा सकता है।आज के समय अधिकतर लोग अपने रोजाना के खाने में घर का बना खाना ही पसंद करते है, जिस कारण ये बिज़नेस बहुत ट्रेंड में है और टिफिन सर्विस या टिफिन सेंटर का बाजार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है जिससे लाभ कमाने के अवसर बढ़ रहे है।

ड्रॉप शिपिंग बिज़नेस आईडिया

ड्रॉपशिपिंग का व्यापार Drop Shipping Business Idea

ड्रॉप शिपिंग एक ऐसा बिज़नेस जिसे आप घर बैठे-बैठे आसानी से कर सकते है इस बिज़नेस में आपको ऐसे डिस्ट्रीब्युटर को संपर्क करना होगा का जो की आप से आर्डर ले और कस्टमर को सामान भेज दे इस बिज़नेस को शुरू करने में किसी इन्वेस्टमेंट की जरूरत नहीं होती है।ड्रॉप शिपिंग व्यापार में लाभ की अपार संभवनाये होती है।

पर्सनल ट्यूटर बिज़नेस आईडिया

ट्यूटर बिज़नेस आईडिया Tutoring Business Idea

अगर आपको पढ़ाने का शौक है, तो ये बिज़नेस आपके लिए फायदेमंद हो सकता है क्योकि यह बिना किसी निवेश के शुरू किया जा सकने वाले व्यापारों में से एक है। इस बिज़नस की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमे कभी मंदी नहीं आती, यह हर समय एक जैसे चलने वाला व्यापार है और आपके अनुभव बढ़ने के साथ आपके व्यापार में तरक्की होना तय है, और आगे जा कर आप कोचिंग सेंटर भी खोल सकते है।

प्रॉपर्टी डीलर बिज़नेस आईडिया

रियल एस्टेट ब्रोकर या कंसल्टेंट व्यापार Property Dealer Business Idea

कमाई के मामले में प्रॉपर्टी डीलर या रियल एस्टेट का बिजनेस एक ऐसा व्यापार है जिसमे कोई भी व्यक्ति कम समय में अधिक लाभ कमाकर धनवान बन सकता है और इस बिज़नेस में इन्वेस्टमेंट के लिए पैसो की जरुरत नहीं होती है।

आप अपना स्वयं का रियल एस्टेट (Real Estate Agent Business Idea) का व्यापार बिना किसी निवेश के शुरू कर सकते है। परंतु इसके लिए आपके पास कुछ संपत्ति खरीदने वालों और बेचने वालों के संपर्क होना आवश्यक है।

आज के समय में अगर कोई व्यक्ति मकान किराए पर भी लेना चाहता है, तो उसे मध्यस्थ के रूप में रियल एस्टेट एजेंट की आवश्यकता होती है और इसमें भी आप पैसा कमा सकते है।

बेबी सिटिंग बिज़नेस आईडिया

बेबी सिटिंग का व्यापार Babysitting Business Ideas

आज कल हर घर में माता और पिता दोनों ही बाहर जाकर काम करते है इसलिए बच्चो की देखरेख और सुरक्षा के लिए कोई तो होना चाहिए। ऐसे में बेबी सिटिंग (Day Care Business Ideas) का व्यापार आपके लिए कमाई का बहुत ही अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए आपको कोई निवेश की आवश्यकता नहीं है, आप इसे अपने घर से ही शुरू कर सकते है या बाहर जाकर भी। अगर आपको बच्चों के बीच रहना पसंद है और आप उन्हे संभाल सकते है, तो यह व्यापार आपके लिए बेस्ट है।

योग क्लासेज बिजनेस आइडिया

योग बिजनेस आइडिया Yoga Business Ideas

अगर आप योग को करियर चुनने की सोच रहे हैं तो यह एक अच्छा विचार है। लोगों के फिट रहने की आदत ने योग में करियर की नई दिशा खोल दी है। यही वजह है कि लोग योगा क्लासेस खोल रहे है। योग से न सिर्फ आपका मानसिक संतुलन ठीक रहता है बल्कि कसरत और मेडिटेशन से आपकी बॉडी भी फिट रहती है साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है।आप अपने आस-पास के लोगों को 30 मिनट की पेड (Paid) योगा क्लासेस रोजाना दे सकते हैं। इसमें आप प्रति व्यक्ति से महीने के लगभग 300-500 रुपए तक की फीस चार्ज कर सकते हैं। अगर आप की क्लास में 10 लोग भी आते हैं तो पूरे महीने के हिसाब से आप महज 15 घंटे में लगभग 5 हजार रुपए की कमाई कर सकते हैं।आप अपने फीस अपने हिसाब से रख सकते है । आप चाहे तो उद्यानों या अपने घर पर ही अपनी योगा क्लासेस शुरू कर अच्छी कमाई कर सकते है।

सिक्योरिटी एजेंसी बिज़नेस आईडिया

सिक्योरिटी एजेंसी बिजनेस Security Agency Business Idea

आज के समय में सिक्योरिटी कंपनी या सिक्योरिटी एजेंसी खोलना इनकम का एक अच्छा जरिया बन सकता है। लोग अपनी सिक्योरिटी,फ़ैमिली और कम्पनी आदि की सुरक्षा के लिए काफी सजक रहते है और इसके लिए पैसे खर्च करने के लिए भी तैयार है। अगर आप यह व्यापार शुरू करना चाहते है, तो इसके लिए आपको कुछ व्यक्तियों का प्रबंध करके उन्हे जरूरत की जगह सुरक्षा के लिए भेजना होगा और इसके जरिये आप काफी मुनाफा कमा सकते है।

जीरो इन्वेस्टमेंट से अन्य बिज़नेस

बिना पैसा के शुरू किये जा सकने वाले बिज़नेस आईडिया No Money Business Ideas

जब हम बिजनेस शुरु करने की सोचते है तो पैसा बिजनेस की बुनियादी जरूरत होता है और बिना पैसे के कोई बिजनेस शुरु नहीं हो पाता है। यहां पर हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया बताएंगे जिसे बिना पैसे या बहुत कम पूंजी से शुरू कर सकते है और अच्छी कमाई कर सकते हैं। जीरो इन्वेस्टमेंट बिज़नेस आईडिया के बिज़नेस में आप अपने स्किल्स से ऊचाईयों तक पाउच सकते है। बिना पूंजी के शुरू होने वाले कुछ व्यवसाय इस प्रकार है-

इन्शुरेंस कंसल्टेंट और एजेंट Insurance Consultant and Agent,

मीडिएटर Mediator,

टेलीमार्केटर या कॉल सेण्टर बिज़नेस Telemarketer or Call Center Business,

ऑनलाइन ट्यूशन Online Tuition,

ट्रेवल एजेंट Travel Agent,

बुक बाइंडिंग बिज़नेस आईडिया Book Binding Business Idea,

मैच मेकिंग और वैडिंग प्लानर बिज़नेस Match Making & Wedding Planner Business,

रिक्रूटमेंट कंसल्ट Recruitment Consultation,

टूर गाइड Tour Guide,

एडवाइजर Adviser,

डांस, म्यूजिक और ड्राइंग क्लास Dance, Music and Drawing Class,

एड कंसल्टिंग बिजनेस आइडिया Ad Consulting Business Idea,

ग्राफ़िक डिजाइनिंग Graphic Designing,

कंप्यूटर की जानकारी Computer Information,

वर्चुअल असिस्टेंट Virtual assistant,

ट्रांसलेटर Translator,

ऑफिस सप्लाइज Office Supply,

स्टार्टअप इंस्ट्रक्टर Startup Instructor,

कुकिंग क्लास बिज़नेस आईडिया Cooking Class Business Idea,

इवेंट मैनेजमेंट Event Management,

बिल ऑडिटर Bill Auditor.

लघु उद्योग बिजनेस आईडिया

लघु उद्योग या स्मॉल बिजनेस Laghu Udyog Small Business Ideas

लघु उद्योग छोटी पूंजी से शुरू होने वाला व्यापार है लेकिन ऐसा नहीं है कि इसमें कमाई भी लघु (कम) होगी ये आप पर निर्भर करता है कि आप बिज़नेस को कहा से कहा तक ले जाते है।लघु उद्योगों को शुरू करने के लिए सरकार द्वारा भी कई स्कीम चलायी गयी है जो सही कीमतों पर लोन दे रही है जिससे आप लघु उद्योगों से काफी अच्छीं कमाई कर सकते है।

लघु उद्योगों पर आधरित बिज़नेस इस प्रकार है-

LED बल्ब बिज़नेस आईडिया

एलईडी लाइट का व्यापार Led Bulb Business Idea

एलईडी का पूरा नाम लाइट एमिटिंग डायोड है। इनके उपयोग से बिजली की अच्छी बचत हो जाती है, इसी वजह से एलईडी को बहुत बढ़ावा दिया जा रहा है। एलईडी के उपयोग को बढ़ाने के लिए कई स्कीम चलायी गयी है जिससे देश में एलईडी के व्यापार की संभावनाएं बढती जा रही हैं। LED के व्यापार को बेहद कम पैसे में आसानी से शुरू किया जा सकता है। इस तरह के व्यापार को शुरू करने के लिए कम से कम 1.5 से 2 लाख रुपए की आवश्यकता पड़ती है, हालाँकि दूकान चलने पर इससे प्रति माह लगभग 20,000 से 3,00,000 का मुनाफा प्राप्त हो सकता है और ये इस बात पर भी निर्भर करता है की आप बिज़नेस को किस स्तर (छोटे या बड़े) पर शुरू करना चाहते है। इस व्यापार में लाभ की बहुत अधिक सम्भावनाये रहती है।

अगरबत्ती बिजनेस आईडिया

अगरबत्ती मेकिंग बिजनेस Agarbatti Business Idea

अगरबत्ती व्यवसाय एक लघु उद्योग है जो बहुत ही कम लागत में शुरू होने वाला बिज़नेस है और जो आजकल बहुत ट्रेंड में भी है जिससे इस व्यापार से लोग अच्छा पैसा कमा रहे है।अगरबत्ती पूजा-पाठ की एक ऐसी सामग्री है जिसका उपयोग हर दिन किया जाता है। अगरबत्ती की माँग साल भर बाजार में बनी रहती है और त्योहारों के समय तो इसकी मांग में काफी बढ़ोतरी भी होती है।अगरबत्ती का व्यवसाय छोटे या बड़े दोनों तौर किया जा सकता है। इस बिजनेस को शुरू करने के लिए लगभग 1000 स्क्वायर फीट तक की जगह की जरुरत और इसमें यदि आपको 1 किलो में 10 रूपए का प्रॉफिट मिल रहा है तो महीने में आप लगभग 90 हज़ार रूपए तक कमा सकते है।

आभूषण डिज़ाइन बिज़नेस आईडिया

ज्वेलरी मेकिंग बिज़नेस आईडिया Jewelry Business Ideas

आज के समय में ज्वेलरी किसे पसंद नहीं होती है तो आप थोड़े इन्वेस्टमेंट से अपना ज्वेलरी डिज़ाइन का काम शुरू कर सकते हैं। फैशन के इस दौर में बाज़ार तरह-तरह के स्टाइलिश गहनों और ज्वेलरी के लेटेस्ट डिजाइन कलेक्शन से भरा हुआ है। ज्वेलरी की बढ़ती डिमांड के कारण ये बिज़नेस काफी प्रॉफिटेबल हो सकता है। अगर आपको आभूषण डिज़ाइन करना पसंद है और हरदम कुछ नया और यूनिक करते है तो ये बिज़नेस आपके लिए अच्छा ऑप्शन हो सकता है, साथ ही आप हाथ से बने गहने या हैण्ड मेड ज्वेलरी बनाने का व्यापार भी शुरू कर सकती है।

जूस शॉप बिज़नेस आईडिया

फ्रूट जूस बिजनेस Juice Shop Business Idea

आज के समय में लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी जागरूक रहते है और जूस पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है और ये एक ऐसा बिज़नेस जो पुरे साल चलता है। जूस शॉप में लोगो को आकर्षित करने के लिए आप अलग-अलग तरह के जूस रख सकते है।

ताजे जूस की बढ़ती मांग के कारण ये व्यवसाय करना फायदे का सौदा हो सकता है।जूस की दुकान को शुरू करने में लगभग 40,000 से 50,000 तक लागत आ सकती है और इसका प्रॉफिट मर्जिंग 50 % से ज्यादा होता है।

टूर गाइड बिज़नेस आईडिया

टूर गाइड बिज़नेस Tour Guide Business Ideas

यदि आपको नये लोगो से मिलना-जुलना,नयी जगह घूमना पसंद है और आप एक ऐसी जगह पर रह रहे हैं जहां बहुत से पर्यटक घूमने के लिए आते हैं तो ये बिज़नेस आपके लिए परफेक्ट हो सकता है।

टूर गाइड व्यवसाय को करने के लिए आपका संचार कौशल (Communication Skills) अच्छा और अपने क्षेत्र व स्थान की विशेष व पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इस बिज़नेस की खास बात यह है कि इसे बिना निवेश के शुरू किया जा सकता है।

फॉर्म फिलिंग बिज़नेस आईडिया

फॉर्म फिलिंग बिज़नेस Online Form Filling Business Idea

फॉर्म फिलिंग बिज़नेस शुरू करने के लिए आपको सिर्फ एक कम्प्यूटर, प्रिंटर और एक दुकान चाहिये होती है, अगर आपके घर में एक्स्ट्रा जगह हो तो आप इसे घर से भी शुरू कर सकते है।

इस बिज़नेस में ज्यादा निवेश भी नहीं करना पड़ता और आप दिन में लगभग हजार रुपये आराम से कमा सकते है क्योंकि आजकल ज्यादातर नौकरियों के फॉर्म ऑनलाइन भरे जाते है। एक फॉर्म भरने में लगभग 5 से 15 मिनट का समय लगता है। इसी अनुसार आप फॉर्म चार्ज तय कर सकते है है।आजकल ये काम बहुत अच्छा चल रहा है।

टॉय बिज़नेस आईडिया

खिलौने का बिजनेस Toy Business Ideas

खिलौनों (Toy) का बिजनेस कम पैसो में आसानी से शुरू किया जा सकता है और काफी लाभ कमाया जा सकता है क्योकि इसकी मांग मार्केट में हमेशा बनी रहती है। खिलोने की शॉप का सही जगह(Location) में होना बिज़नेस को सफल बनाने मे अहम भुमिका निभाता है।

इसमें आप बच्चों को वैरायटी देने किये अलग-अलग तरह के खिलौने रखे जैसे-एक्शन टॉय,सॉफ्ट टॉय, साउंड वाले खिलौने आदि व पुराने और नये दोनों टाइप के खिलौने रखे जिससे बच्चे इसकी तरफ आकर्षित हो।

फास्ट फूड बिज़नेस आईडिया

स्मॉल फ़ास्ट फ़ूड बिजनेस Fast Food Business Idea

आज के समय में लोगो के बीच फ़ास्ट फ़ूड बहुत प्रचलन में है खासकर युवा और बच्चो में । भारत में Fast Food के बढ़ते व्यापार के कारण ये बिज़नेस काफी कमाई देने वाला हो सकता है। अपना स्वयं का फास्ट फूड का रेस्टोरेंट खोलना या स्टॉल लगाना एक बहुत ही अच्छा आईडिया है।

जो फ़ास्ट फ़ूड बनाने में माहिर हैं वे इस व्यापार की शुरुवात कर सकते हैं और अगर आपको फ़ास्ट फ़ूड बनाना नहीं आता तो इसके लिए किसी को रख भी सकते है।

फ़ास्ट फ़ूड की दुकान खोलने के लिए आपको ज्यादा लागत की आवश्यकता नहीं है, पर हाँ ये इस बात अपर निर्भर करता है किआप किस लेवल से इस व्यापार को शुरू करते है । अगर शॉप के लिए आपकी स्वयं की जगह है तो आपकी लागत कम हो जाएगी।

मैरिज ब्यूरो बिज़नेस आईडिया

मैरिज ब्यूरो बिजनेस Matrimonial Business Ideas

मैरिज ब्यूरो एक मीडिएटर की भूमिका निभाता है,शादी के लिए जीवनसाथी ढूढ़ंनें में। मैरिज ब्यूरो के पास लड़के और लड़कियों का पूरा डाटा होता है जिससे उन्हे पार्टनर के चुनाव करने में आसानी होती है।इस काम के बदले मैरिज ब्यूरो वाले कमीशन लेते है।

मैरिज ब्यूरो (Marriage Bureau) का बिज़नेस शुरू करना बड़ा आसान है,इसे आप अपने घर से या मार्केट में ऑफिस खोलकर कर शुरू कर सकते है आपका ऑफिस जितना अच्छा होगा लाभ उतना ही अधिक मिलने की सम्भावनाये रहती है।

इस बिज़नेस को और बेहतर करने के लिए आप ऑनलाइन वेबसाइट बना सकते है क्योकि आजकल इंटरनेट के जरिये खूब पैसा कमाया जा सकता है। ऑनलाइन काम शुरू करने के दो फायदे होंगे, पहला आपको ज्यादा निवेश नहीं करना पड़ेगा और दूसरा आपके बिज़नेस की पहुंच काफी बढ़ जाएगी जिससे लाभ अधिक होगा।

ब्यूटी पार्लर बिज़नेस आईडिया

ब्यूटी पार्लर बिज़नेस Beauty Parlour Business Idea

ब्यूटी पार्लर बिज़नेस आज के समय में बेहद ही प्रॉफिटेबल बिजनेस बनता जा रहा है। सुन्दर दिखना और सुन्दर रहना किसको पसंद नहीं है।आज के टाइम में लोग अपना ज्यादातर पैसा अच्छा दिखने और अच्छा खाने में खर्चा करते है।

अगर आप लोकेशन का ध्यान रखते हुए अपना बिजनेस स्टार्ट करते है और अच्छी फैसिलिटी देते है तो आप इस बिजनेस से अच्छा पैसा कमा सकते है।

इस बिज़नेस को शुरू करने में लागत भी कम लगती है और लाभ भी अधिक होने की संभावनाएं रहती है क्योकि ब्यूटी पार्लर या ब्यूटिशन की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

लघु उद्योग से अन्य बिज़नेस

स्मॉल स्केल बिजनेस आइडिया Small Scale Business Ideas

लघु उद्योग छोटे पैमाने से शुरू किये जाने वाला व्यापार है और यहाँ तक की आप इसे घर से भी शुरू कर सकते है। लघु उद्योगों को कम लागत में आसानी से प्रारम्भ किया जा सकता है और सही वक्त में और सही उद्योग करने से लाभ की सम्भावनाये बहुत अधिक बढ़ जाती है।

लघु उद्योग पर आधारित कुछ व्यवसाय इस प्रकार है-

बुक स्टोर Book Store,

कुर्रिएर कंपनी Courier Company,

डांस क्लास Dance Class,

कार्ड प्रिंटिंग बिजनेस Card Printing Business

पान शॉप Pan Shop,

डाटा प्रविष्टि Data Entry,

गिफ़्ट शॉप Gift shop,

गृह ऊर्जा लेखा परीक्षक Home Energy Auditor,

पेपर कप मेकिंग Paper Cup Business,

दोना मेकिंग Dhone Making Business,

टूर एंड ट्रेवल्स बिजनेस Tours and Travels Business Idea,

डिजिटल फोटोग्राफी Digital Photography,

नाश्ते की दुकान Breakfast Shop,

अचार का बिज़नेस Pickle Making Business,

दिया मेकिंग बिज़नेस Diya Making Business,

धूपबत्ती बिज़नेस Dhoopbatti Business,

रूई बत्ती उद्योग Cotton Wicks Business ,

फर्नीचर डिजाइनिंग Furniture Designing,

कपड़े धोने और ड्राई क्लीनिंग व्यवसाय Laundry & Dry Cleaning Business,

टी-शर्ट की प्रिटिंग T-shirt printing,

कपड़े किराये पर Rent Clothes,

डिजाइनर साड़ी व्यवसाय Designer Sarees Business ,

बढ़ईगीरी का बिज़नेस Carpentry Business ,

कार्ड छपाई का बिज़नेस Cards Printing Business,

नौकरी के लिए भर्ती सेवा Job Recruiting Services,

नृत्य क्लासेज Dance Classes,

सिलाई और कपड़े डिजाइन बिज़नेस Tailoring and Clothes Designing,

ब्यूटी पार्लर Beauty Parlour at Home,

मशरुम फार्मिंग Mushroom Farming,

इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयरिंग शॉप Repairing Electronic Equipment,

ट्यूशन सेंटर Tuition Centre,

मोबाइल रिपेयरिंग Mobile Repairing Business,

पापड़ बिज़नेस Papad Business,

छोटा किराने की दुकान Small Grocery Shop,

ज़ेरॉक्स और लेमीनेशन शॉप Xerox and Lamination Business,

मोबाइल एप्प बना कर Mobile Application Developer,

मोमबत्ती बिज़नेस Candle Making Business,

कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर Computer Training Centre,

ट्रांसलेशन वर्क Translation Work,

कैटरिंग या भोजन प्रबंधन बिज़नेस आईडिया Catering Business Ideas,

आइस क्रीम पार्लर Ice Cream Parlor,

इबुक लिख और बेच कर eBook Writing and Selling,

मत्स्य व्यापार Fishery Business,

स्पोर्ट प्रोडक्ट Sport product,

बिंदी बनाने का बिज़नेस Bindi Making Business,

पौधा नर्सरी बिज़नेस Nursery Business,

नमकीन दालमोठ, भुजिया का बिज़नेस Snacks Business,

किराने की दुकान Grocery Store,

हेयर स्टाइलिस्ट Hairstylist,

रियल एस्टेट परामर्श Real Estate Consultant,

गेम पार्लर Game Parlor.

होम बिजनेस आइडिया

घर बैठे बिजनेस आईडिया Home Business Idea

अगर आप अपना कारोबार शुरू करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो घर से व्यापार करना एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इस बिज़नेस को बिना पूंजी या कम निवेश से शुरू कर सकते है यहाँ पर आपको कुछ इनोवेटिव बिज़नेस आईडिया दिए गए है। जिन्हे आप घर से शुरु कर हर महीने अच्छी कमाई कर सकते है।

घर से शुरू किये जा सकने वाले बिज़नेस इस प्रकार है-

ऑनलाइन माइक्रो जॉब्स आईडिया

माइक्रो जॉब्स आईडिया Micro Jobs Business Ideas

Micro का अर्थ है छोटा, तो माइक्रो जॉब्स यानि छोटी जॉब जिनको कम्पलीट करने में मिनटों या सेकंडों का समय लगता है। ऐसी बहुत सी साइट्स (Sites) हैं जो ऑनलाइन माइक्रो जॉब्स की सुविधा देती हैं।आप इन साइट्स से अच्छी कमाई कर सकते है आपकी कमाई Task की लंबाई पर आधारित होगी।

अगर आप रोज 2 घंटे भी इन साइट्स पर काम करते है तो आप आसानी से एक महीने में लगभग 8000 रुपये से 10000 रुपये तक कमा सकते हैं।

क्रेच सर्विस बिज़नेस आईडिया

क्रेच सर्विस सेंटर बिज़नेस आईडिया Creche/Day Care business Ideas

आज के समय में माता-पिता दोनों के ही वर्किंग होने के चलते क्रैच सर्विस की माँग बढ़ी है। इस सर्विस में आपको बच्चों की देखभाल सुबह से लेकर शाम तक करनी होती है। बच्चों की सुरक्षा, देख-रेख, मनोरंजन आदि का प्रबंध करना होता है इसके अलावा इस बिजनेस को शुरू करने में ज्यादा खर्च नहीं आता।

बच्चों की अच्छी देखभाल वाले क्रैच सेंटर में बच्चे छोड़ने के लिए लोग काफी दूर से भी आने को तैयार हो जाते हैं और इस बिजनेस में ग्रोथ के कई अवसर मौजूद हैं।क्रेच सर्विस सेंटर को घर से ही शुरू कर आप अच्छी कमाई कर सकते है।

ट्रांसलेशन बिज़नेस आईडिया

ट्रांसलेटर वर्क बिज़नेस Translation Business Ideas

ट्रांसलेटर के रूप में काम कर आप घर बैठे बहुत पैसा कमा है। बहुत-सी जगहों में ट्रांसलेटर की बहुत डिमांड रहती है। आपके लिए एक स्थानीय भाषा(Local Language) का जानना बेहद फायदे का सौदा हो सकता है। ऑनलाइन ऐसी कई कंपनियां हैं, जिनके पास रिजनल कंटेंट की बहुत ही ज्यादा डिमांड होती है।

ट्रांसलेशन के काम में लगभग 15 से लेकर 20 हजार रुपए की मिनिमम इनकम हो जाती है। आप चाहें तो इसे कंपनी के रूप में भी स्थापित कर और लाभ कमा सकते है।

नूडल्स मेकिंग बिज़नेस आईडिया

नूडल्स बिज़नेस Noodles Making Business Idea

आज के समय में सेवई और नूडल्स मेकिंग बिज़नस, व्यापार के लिए अच्छा विकल्प है, जिसे कम स्थान में और कम पैसे में आसानी से शुरू किया जा सकता है। इसका मशीनरी पार्ट बहुत आसान और सरल है, जिसे छोटी सी जगह पर स्थापित कर चलाया जा सकते है।

नूडल्स इस समय काफी लोकप्रिय व्यंजन है और बाज़ार में कई तरह के नूडल्स बेचे जा रहे हैं।आप भी अपने ब्रांड से नूडल्स मार्केट में बेच सकते हैं साथ ही किसी भी बिज़नेस को सफल बनाने के लिए मार्केटिंग जरुरी है जिससे लाभ की सम्भावनाये बढ़ जाती है।

नोट-ऐसे ही कई अन्य शानदार बिज़नेस आईडिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानने के लिए आप हमारी बिज़नेस प्लान केटेगरी में जाकर उनके बारे और अधिक विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

पेपर कप बिज़नेस आईडिया

पेपर कप/ग्लास बिज़नेस Paper Cup Plate Business Idea

पेपर कप मेकिंग बिजनेस में अलग-अलग साइज के ग्लास तैयार किए जाते हैं।पेपर कप या ग्लास मेकिंग बिज़नेस से आप हर महीने में लगभग 60 हजार रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।पेपर कप की मांग मार्किट में बहुत ज्यादा है क्योकि कागज से बनने के कारण ये आसानी से डिस्पोज भी हो जाते हैं।

पेपर कप या पेपर डिश का इस्तेमाल आजकल हर जगह होता है चाहे बर्थडे पार्टी हो या शादी या कोई अन्य फंक्शन। इस तरह पेपर कप बिज़नेस में आप कम पूंजी निवेश कर अच्छी कमाई कर सकते है।इस कारोबार को बड़े और छोटे दोनों स्तरों पर शुरू किया जा सकता है।

बुटीक बिज़नेस आईडिया

बुटीक बिजनेस प्लान Boutique Business Ideas

अगर आप को कपडे डिज़ाइन करना पसंद है और लेटेस्ट फैशन की जानकारी रखते है तो बुटीक बिज़नेस आपके लिए परफेक्ट हो सकता है। बुटीक शॉप एक रिटेल स्टोर होता है जिसमें आप खुद से कपडे डिज़ाइन कर बेच सकते हैं और साथ ही लोग अपने मन के हिसाब से कपड़े तैयार करवा सकता है।

बुटीक बिज़नेस में आपको कुछ बातो का ध्यान रखना होता है जैसे- मार्केट रिसर्च,शॉप लोकेशन और लेटेस्ट क्या चल और लोगो की मांग क्या है आदि। अगर आप इस व्यापार में पैसे निवेश करते हैं तो इसमें लाभ होने की पूरी सम्भावनाये रहती है और साथ ही आप अपने प्रोडक्ट को ऑनलाइन सेल कर और ज्यादा प्रॉफिट कमा सकते है।

होम ट्यूटर बिज़नेस आईडिया

ट्यूटर बिज़नेस Home Tutoring Business Ideas

अगर आपको पढ़ाने शौक है तो ये बिज़नेस आपके शौक और कमाई दोनों का जरिया बन सकता है। जिस विषय में आपकी पकड़ अच्छी हो उसका

टूशन देकर आप मोटी कमाई कर सकते हैं। होम ट्यूटर के रूप में फिजिक्स, मैथ्स और साइंस टीचर्स की बहुत ज्यादा मांग रहती है।

इस बिज़नेस में आप बिना किसी निवेश के कम समय में अच्छी कमाई कर सकते हैं, जो लगभग 15 से लेकर 20 हजार रुपए तक हो सकती है जो की आपके पढ़ाने की टाइमिंग पर निर्भर करता है और आप चाहे तो आगे चलकर खुद का कोचिंग सेंटर भी खोल सकते हैं।

घर से अन्य कुछ अन्य बिज़नेस

होम बिजनेस आइडिया Home Based Business Ideas

घर से शुरू किये जाने वाले बिज़नेस की सबसे अच्छी बात यह है कि इनके लिए यह बिल्कुल जरूरी नहीं होता है कि आप कोई अलग ऑफिस स्पेस किराए पर लें ही। इन बिज़नेस की शुरूआत घर बैठे ही की जा सकती है। आप इसे छोटे से स्तर से शुरू कर आसानी से इसका विस्तार कर इस बिज़नेस को बड़ा कर सकते है और साथ ही इसमें लाभ की सम्भवनाये भी बहुत अधिक होती है।

घर से ही शुरू होने वाले कुछ व्यवसाय इस प्रकार है-

फैशन डिजाइनर Fashion Designer,

एसईओ कंसल्टिंग SEO Consulting,

रिज्यूमे राइटिंग Resume Writing,

संगीत क्लासेज Music Classes,

इवेंट प्लानर Event Planner,

अकाउंट कीपिंग Account Keeping,

बिंदी बनाने का बिज़नेस Bindi Business,

मोबाइल टिफिन सर्विस Mobile Tiffin Service,

इंग्लिश स्पीकिंग क्लास English Speaking Classes,

बुजुर्गो के लिए क्लास Elderly Classes ,

Ad पढ़ के पैसे कमाना Earn By Reading Ads,

शादी के फंक्शन और पार्टी प्लानिंग Wedding Function & Party Planning,

योग क्लासेज Dance Classes,

टेलरिंग का बिजनेस Tailoring Business,

डांस क्लासेज Dance Classes,

ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल Online shopping portal ,

कुकिंग क्लास Cooking Class,

अचार और घी का बिजनेस Pickle and Ghee Business,

केक का बिजनेस Cake Making,

मैरिज ब्यूरो Marriage Bureau,

बुनाई क्लास Weaving class,

ब्लॉगिंग Blogging,

पापड़ का बिजनेस Papad Business ,

कंप्यूटर रिपेयर करने का कार्य Computer Repair Services,

ऑनलाइन सर्वेक्षण Survey,

वेब डिजाइनिंग Web Designing.

महिला बिजनेस आइडिया

महिलाओं के लिए बिजनेस आइडियाज Women Business Ideas

घरेलू महिलाओ (Housewives Business Ideas) के लिए बहुत सारे बिजनेस है जो वे घर से भी शुरू कर सकती है या बाहर जाकर भी, उससे अच्छा लाभ कमा सकती है। यदि आप घर से नया व्यवसाय शुरू करना चाहती है तो यहाँ पर आपको कुछ बेस्ट बिजनेस आईडिया दिए गए है जिसमे थोड़ा-सा इन्वेस्ट और मेहनत करके आप अच्छी आमदनी कर सकती है।

महिलाओं के लिए कुछ बिज़नेस आइडियाज इस प्रकार है-

आर्ट/क्राफ्ट बिज़नेस आईडिया

आर्ट और क्राफ्ट आइटम बिज़नेस आईडिया Art & Craft Business Ideas

क्राफ्ट का क्षेत्र काफी बड़ा है क्योंकि इसमें अलग-अलग लोगों में अलग-अलग तरह का टैलेंट होता है। इसमें किसी को सुन्दर पर्स या झोला बनाना आता है तो किसी को अच्छा बास्केट या अलग-अलग सामानों से सुन्दर आर्टिफीसियल गुलदस्ते और किसी को चिकनी मिटटी की मदद से सुन्दर मूर्ति या खिलौने आदि।

अगर आप साज-सज्जा से जुड़ी चीजों को बनाने में माहिर हैं तो क्राफ्ट आइटम का बिजनेस अच्छा ऑप्शन हो सकता है। फिर आप अपनी क्रिएटिविटी से इसमें नयी-नयी चीज़े बना सकते है।आप अपनी जरुरत के अनुसार सामग्री का सामान थोक व्यापारी से लेकर व्यापार शुरू कर सकते हैं।

इस बिज़नेस को शुरू करने में लागत भी कम आती है और मार्केट में न्यू और यूनिक चीज़ो की मांग हमेशा बनी रहती है।

एफिलिएट मार्केटिंग बिज़नेस आईडिया

एफिलिएट मार्केटिंग बिज़नेस Affiliate Marketing Business Ideas

एफिलिएट मार्केटिंग में किसी दूसरे की कंपनी के प्रोडक्ट को बेचना और प्रमोट करना होता है। एफिलिएट मार्केटिंग महिलाये कम लागत में शुरू कर सकती है।

एफिलिएट मार्केटिंग में आप ऑनलाइन किसी भी वेबसाइट या कंपनी के साथ जुड़कर उनका सामान बिकवा कर अच्छा कमीशन प्राप्त कर सकती हैं। ऐसी बहुत सी ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट है जो आपको घर बैठे पैसे कमाने का अच्छा मौका देती है।

जिम बिज़नेस आईडिया

जिम/फिटनेस सेंटर बिज़नेस आईडिया Gym Business Ideas

आज के समय में लोग अपनी बॉडी और हेल्थ के प्रति काफी सजग हो गए हैं, ऐसे में जिम और फिटनेस सेंटर की ओर लोगों का रुझान बढ़ा हैं।

यदि आप भी जिम की शुरुआत करना चाहते है तो आपको सबसे पहले उसके लिए एक अच्छी-सी जगह सुनिश्चित करनी होगी क्योंकि किसी भी बिज़नेस लिए ये एक महत्वपूर्ण भाग होता है।आप जिम या योगा क्लासेज़ का बिज़नेस कम बजट में शुरू कर अच्छी कमाई कर सकती हैं।

झाड़ू उत्पादन Broom Production,

टोकरी बनाना Basket Making Business,

क्रिसमस ट्री की खेती Christmas Tree Farming

ऊन का उत्पादन Wool Production,

सब्जियों एवं फलों की फार्मिंग Vegetables-Fruits Farming,

दूध उत्पादन Milk Production,

खरगोश पालन Rabbit Farming,

सोया उत्पादन Soya Production,

फ्रूट कैनिंग एवं जैम उत्पादन Fruit Canning and Jam Production,

मूंगफली प्रोसेसिंग Peanut Processing,

तेल उत्पादन Oil production,

एजुकेशनल फार्मिंग Educational Farming,

ट्रेल राइड सेवा Trail Ride Service,

एग्रोटूरिज्म Agrostimism,

ड्राई फ्रूट्स बिज़नेस Dry Fruit Business.

Online Survey

Online Survey is the best way for online earn money job. Different companies try to know about his service and products opinions. Because companies want to Increase his product sells. Here you can sign up in company's sites that are offering you for online surveys job.

ऑनलाइन सर्वे

पैसा कमाने का सबसे अच्छे तरीकों में से एक है Online Survey जॉब। अलग अलग कंपनियां अपनी Service और अपने Product के बारे में आपका विचार जानने की कोशिश करती है, ताकि इसकी मदद से वह अपनी Sales को बढ़ा सकें। यहां आप उन कंपनियों में Sign Up कर सकतें हैं जो ऑनलाइन सर्वे की सुविधा दे रही है।

AD Watching Job

You can earn money by watching online advertisements. So many companies spend millions of Dollars their advertising. They give you money for see these advertisements by online. There are many websites in the world where you can earn money by reading advertisements.

विज्ञापन देखकर पैसे कमाना

आप विज्ञापन देखकर भी ऑनलाइन पैसे कमा सकते है कंपनियां अपने Advertisement के लिए मिलियन डॉलर खर्च कर देती हैं। उनका सबसे बड़ा उद्देश्य रहता है अपने प्रोडेक्टों को हमारे और आपके जैसे लोगों तक पहुँचाना और यहां तक की वे इन Ads को देखने के लिए आपको पैसे देने के लिए भी तैयार हैं। ऐसी बहुत सारी वेबसाइट है जिनमें अकाउंट बनाकर आप ऐड पढके पैसे कमा सकते है। यहां आप जितने ऐप देखेंगे उतने ही पैसे कमा सकते है।

Micro Job

You can earn money by Micro Jobs. The Micro Job work is Share Money, Writing Short Articles, Doing something in Google etc. There are many such websites that give small jobs to people and pay for it.

माइक्रो जॉब

माइक्रो जॉब के अन्दर वह Jobs आती हैं जिन्हें मिनटों में Complete किया जा सकता है। माइक्रो जॉब में आपकी कमाई टॉस्क की लंबाई पर आधारित होगी माइक्रो जॉब अन्दर Page Share करना, Revenue देना, Short Article लिखना, Google में कुछ Search करना, Testimonial बनाना जैसे सैकड़ों आसान कार्य आते हैं। कई ऐसी वेबसाइट्स हैं जो लोगों को छोटे-छोटे काम देती हैं और उसके लिए अनिश्चित मात्रा में पैसे Pay करती है

Data Entry

If you have basic knowledge about Computer so u can earn money by home. Data entry is easy and simple job for you. If you do good and fast typing then you have golden opportunity to online earn money. Nowadays many students are earning money by working part-time data entry jobs.

डेटा इंट्री

डेटा इंट्री एक आसान और साधारण काम है, अगर आपको कंप्यूटर की बेसिक जानकारी है इसके अलावा अगर आप अच्छी और फास्ट टाइपिंग कर लेते हैं तो आपके लिए डेटा इंट्री करके पैसे कमाने का सुनहरा अवसर है। आजकल कई छात्र पार्टटाइम डेटा इंट्री जॉब करके भी पैसे कमा रहे है।

Online Selling

If you have any handmade materials, Fabrics etc. so you can also earn money by sell your handmade stuff at home. Today online buyers demand increasing rapidly. If you want to sell your handmade craft so you can visit to e-commerce websites.

ऑनलाइन सेलिंग

अगर आप किसी भी प्रकार के हस्तर्निमित सामग्री फैब्रिक्स आदि के जानकार हैं तो आप अपना सामान घर बैठ ऑनलाइन बेचकर पैसे कमा सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अगर आप अपने सामान को घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से बेचना चाहते हैं तो आपको इसके लिए इ-कॉमर्स वेबसाइट की मदद ले सकते हैं। ये पॉर्टल्स आपके सामान बेचने के कुछ पैसे लेंगे। जब ऑनलाइन आपका

सामान बिकेगा तो पोर्टल फीस के अलावा कमाया गया सारा पैसा आपका होगा।

Website Testing

Website owners need feedback about their site and utility experience, so website owners need people to test his website status. We call to this Online Website Testing. Website testing can be done in just 10 to 20 minutes. You can earn good money by test the websites online.

वेबसाइट टेस्टिंग

अक्सर वेबसाइट मालिकों को उनके साइट की उपयोगिता अनुभव पर फीडबैक देने और वेबसाइट की जॉच करने के लिए लोगों की आवश्यकता होती है, जिसे वेबसाइट टेस्टिंग कहते है। वेबसाइट टेस्टिंग सिर्फ 10 से 20 मिनट में की जा सकती है। आप ऑनलाइन वेबसाइट टेस्टिंग करके अच्छा पैसा कमा सकते है आजकल इस प्लेटफार्म के लिए बहुत सारी वेबसाइट सर्विस प्रोवाइड कर रही है।

Sell Photos Online

If you have a passion of photography then you can earn money by sell your photo online. At present a lot of websites are available for this online job. In this type of websites, you will be submitting your capture Photos, then according to the websites policy you can get 15 to 85 Percent online royalty.

ऑनलाइन फोटो बेचें

अगर आपको फोटोग्राफी करने का शौक है तो आप इससे ऑनलाइन पैसे कमा सकते है। अगर आपके पास अच्छी फोटो इमेज आदि है तो आप उन्हें ऑनलाइन बेचकर पैसे कमा सकते है। मौजूदा समय में इसके लिए बहुत सारी वेबसाइट्स मौजूद है। इसमें साइट के मेंबर को अपनी फोटो को Website पर Submit करना होता है। फिर उसके बाद साइट की पॉलिसी के अनुसार आप 15 से 85 फीसदी तक रॉयल्टी पा सकते हैं।

Online Teaching

If you have good knowledge about any subject and you are skilled in teaching. Then you can earn money by teaching online. Today huge demand for skilled teachers all over the world, Nowadays there are many such websites that offer online teaching services.

ऑनलाइन टीचिंग

अगर आपको किसी विषय के बारे में अच्छी जानकारी है और आप पढाने में कुशल हैं तो आप Online Teaching करके पैसे कमा सकते है। पूरी दुनिया में कुशल शिक्षकों की भारी मांग है आप ऑनलाइन भी अपनी प्रतिभा से लोगों को शिक्षित कर सकते हैं। आजकल बहुत सारी ऐसी वेबसाइट हैं जो ऑनलाइन टीचिंग करने की सर्विस देती है यहां आपको खुद को रजिस्टर करना होता है।

Content Writer

If you have good writing skills or you have good tech knowledge then you can work as an online content writer. Nowadays there are lots of websites in the world that need education, tech and non tech content writers. If you have a good knowledge of writing then you can earn money by home.

कंटेन्ट राइटर

अगर आपकी Writing Skills अच्छी है तो आप बतौर ऑनलाइन Content Writer जॉब कर सकते है। आजकल जैसे जैसे नयी Websites की संख्या बढती जा रही है, उसके साथ ही इन Websites पर कंटेन्ट लिखने वालों की जरूरत भी बढ रही है। इसलिए आपके लिए इस क्षेत्र में ऑनलाइन काम करने का मौका है आप घर बैठे वेबसाइटों के लिए कंटेन्ट लिख अच्छे पैसे कमा सकते है।

Freelance Job

In the Freelance job you can provide online service to your clients. If you have any special skills like any Tech knowledge, Education etc. So you can provide these services to other by online freelance. Here you can write a freelance article for magazines and newspaper and earn online money.

फ्रीलांस जॉब

फ्रीलांस जॉब में आप अपने क्लाइंट को ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइड कर सकते है। अगर आपके पास कोई Special Skill हो जैसे SEO, वेब डिजाइनिंग, वीडियो मेकिंग, राइटिंग, कोडिंग, डिजाइनिंग, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी आदि सभी प्रकार की सर्विस फ्रीलांस के जरिए ऑनलाइन दूसरों को प्रोवाइड करा सकते है। इन सबके अलावा आप फ्रीलांस राइटिंग करके मैगजीन और न्यूजपेपर आदि के लिए आर्टिकल लिख सकते है।

Online Tutor

If you have a learning experience or have a good knowledge of a particular subject then you can earn money by giving online tuition. There are a lot of websites where you can create your account and Provide online tutorials.

ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपको पढाने का अनुभव है या आपको किसी खास विषय के बारे में अच्छी जानकारी है तो आप ऑनलाइन ट्यूशन देकर पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी वेबसाइट है जहां पर अपना अकाउंट बना कर आप ऑनलाइन ट्यूशन पढा सकते है।

Language Translator

If you have best knowledge about so many languages, then you can earn money by Home. If you have well knowledge about English and other languages, then many possibilities open for you. You can earn money by online working in this field.

भाषा अनुवादक

अगर आपकी एक से ज्यादा भाषाओं में पकड है तो आप आप घर बैठे पैसा कमा सकते है। अगर आप अंग्रेजी के साथ साथ अन्य और किसी भी भारतीय भाषा के अच्छे जानकार हैं तो आपके लिए संभावनाओं के द्वार खुले है। या फिर आप किसी भी भाषा को सीख कर इस क्षेत्र में काम कर पैसा कमा सकते है। कई देशों में काम करने वाली कंपनियां स्कॉलर्स और आथर्स अनुवादन (Translator) के लिए आपको ढूंढेंगे।

Sell Old Stuff Online

If you have some old stuff so you can earn money by selling your old stuff. You can also sell your all second hand accessories online and you get better profits. There are lots of websites for selling old stuff through which you can sell your old things with good profit.

पुराना सामान ऑनलाइन बेचें

अगर आप पुराने या सकेंड हैंड सामान को बेचकर पैसे कमाना चाहते हैं तो आप यह ऑनलाइन भी कर सकते है। पुरानी चीजों को कम पैसे में खरीदकर अधिक पैसे में बेचने में अच्छा मुनाफा मिलता है। पुराने सामान को ऑनलाइन बेचने के लिए बहुत सारी वेबसाइट्स मौजूद है।

Online Writing Jobs

If you have a passion of writing skill, you can earn money through online writing job. Online writing jobs are very popular at this time, because every websites need some regular contents. You will be paid for the article by website owners. It depends on your written article length.

ऑनलाइन राइटिंग जॉब

अगर आपको लिखने का शौक है तो आप ऑनलाइन राइटिंग जॉब के माध्यम से अच्छे पैसे कमा सकते है। ऑनलाइन राइटिंग जॉब इस समय बहुत पॉपुलर हो रहीं हैं क्योंकि किसी भी वेबसाइट को अपडेट करने के लिए कुछ रेगुलर कंटेंट की जरुरत होती है। इसमें आपको हर Article के लिए पैसे दिए जाते है यह आपके Article Length पर निर्भर करता है। ऐसी बहुत सारी वेबसाइट हैं जहां आप ऑनलाइन राइटिंग करने के लिए मौके ढूंढ सकते है।

Domains Name Buy and Sell

You can earn good money by purchasing domain name and selling it. Domain name buying and selling job is the best profitable job then other. Nowadays small domain names are very difficult to find. In this case you can buy a small domain name and can also sell it to the needy people in the highest rate.

डोमेन खरीदें और बेचें

आप Domain Name खरीद कर और उसे बेच कर अच्छे पैसे कमा सकते है। जिस प्रकार लोग जमीन खरीदकर अधिक दाम में बेच कर फायदा कमाते है उसी प्रकार ऑनलाइन मार्केट में आप डोमेन को भी खरीद और बेच सकते है। आजकल छोटे डोमेन नेम मिलने बहुत मुश्किल होते हैं। ऐसे में आप छोटे डोमेन नाम को सोच के खरीद सकते है और इंटरनेट में इससे जरूरतमंद लोगो को Sale भी सकते है। इंटरनेट ऑनलाइन Domain Name की नीलामी भी की जाती है जिसमे बहुत अधिक रूपए में Domain खरीदे और बेचे जाते है।

Blogging

Blogging is a best way for online earn money here you can earn money without any restriction. Today so many people are earning money through blogging. If you have good knowledge about writing then you can make your blog and share your articles. In this work you earn money through Adsense.

ब्लॉगिंग करें

ब्लॉग मॉनिटाइजेशन एक अच्छा ऑनलाइन पैसे कमाने का काम है इसके जरिये आप बिना किसी तय सीमा के पैसे कमा सकते है। ब्लॉगिंग के जरिए आज बहुत लोग घर बैठे पैसे कमा रहे है। अगर आपको लिखने का या किसी क्षेत्र के बारे में अच्छी जानकारी है तो आप अपना ब्लॉग बना कर उसमें जानकारी Share करके Adsense के द्वारा पैसे कमा सकते है।

Logo Designing

It you have a logo designer or graphic designer then you can easily earn money by selling online logo. Nowadays every company needs his best logo, which can show its purpose. When you come to design logo, there are many websites that offer a platform to sell online logos.

लोगो डिजाइनिंग

अगर आप एक लोगो डिजाइन या ग्राफिक डिजाइन हैं तो आप आसानी से घर बैठे ऑनलाइन लोगो बेचकर अच्छे पैसे कमा सकते है। आजकल हर कंपनी को एक logo चाहिए होता है, किसी भी कंपनी का लोगा ऐसा होना चाहिए जो उसके उद्देश्य को प्रदर्शित कर सके और वह सबसे अगल भी

होना चाहिए। आपको logo design करना आता है तो आजकल बहुत सारी वेबसाइट हैं जो आपको ऑनलाइन लोगो बेचने का प्लेटफार्म देती है।

Captcha Solving Job

You can also make money by captcha solving online Job. Everyone knows about captcha, whenever you want to create an online ID then you have to enter the Captcha code. This Captcha entry can give you money. There are many companies in world who provided the Job for online captcha entry.

ऑनलाइन कैप्चा सॉल्विंग जॉब

आप ऑनलाइन कैप्चा सॉल्विंग के जरिए भी घर बैठे पैसे कमा सकते हैं। कैप्चा के बारे में सब जानते हैं जब भी आप कोई आईडी बनाना चाहते हैं या ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं तो आपको कैप्चा कोड डालना होता है। यह कैप्चा इंट्री भी आपको पैसे दिला सकती है दुनिया में कई एसी कंपनीयां हैं जिन्हें हजारों की संख्या में वेबसाइट की जरूरत है, जिसको कैप्चा के जरिए सुरक्षित किया जाता है। ऐसे में आप ऑनलाइन कैप्चा सॉल्व करके भी पैसे कमा सकते हैं।

Virtual Assistant

Virtual assistant also called VA in short language. VA helps to their clients for online administrative work and he gets fixed fees for this online exchange help. Today demand of Virtual Assistant increasing rapidly and the income scope also good in this field. You can earn uncertain money by your Work Skill.

वर्चुअल असिस्टेंट

वर्चुअल असिस्टेंट जिसे सरल भाषा में VA भी कहते है। VA अपने क्लाइंट को ऐडिमिनिस्ट्रेटि टास्क के लिए Online मदद करते है और इस सहायता के बदले निर्धारित फीस वसूल करते है। बढती टेक्नॉलाजी के बढते वर्चुअल असिस्टेंट की डिमांड तेजी से बड़ रही है। इसमें Income स्कोप भी अच्छा है। आप अपने Work Skill के आधार अनिश्चित पैसे कमा सकते है। VA के कार्य हैं- बैठक का समय तय करना, ग्राहकों और निवेशकों से संपर्क में रहना, ऑर्डर पर नजर रखना, पावरपॉइंट प्रेज़ेंटेशन

और एक्सल शीट जैसे बिजनेस डॉक्युमेंट तैयार करना, ब्लॉग और वेबसाइट मैनेज आदि करना।

Affiliate Marketing

Some E- Commerce companies like Flip kart, Amazon, Snapdeal etc. are pay money for affiliate jobs. It gives you 4% to 15% commission for every sale through your promotion. Amazon is the best site for affiliate marketing that you can promote to any corner of the world.

एफिलिएटेड मार्केटिंग

ई-कॉमर्स कंपनियां फ्लिपकार्ट, अमेजन, स्नैपडील समेत कई ऐसी कंपनियां हैं जो एफिलिएट जॉब के लिए पैसे देती हैं। यह आपको आपकी Promotion के जरिये की गई हर Sale का 4% से 15 % तक का कमीशन पा सकते है। Amazon Affiliate मार्केट की सबसे Favourite Site है जिसे दुनियां के किसी भी कोने से प्रमोट किया जा सकता है।

मशरूम की खेती कैसे शुरू करे

मशरूम का उत्पादन ग्रामीण युवाओं के लिए एक अच्छा व्यवसाय साबित हो रहा है। इसकी मांग बढ़ रही है, पर आपूर्ति उतनी नहीं हो रही है, ऐसे में यह व्यवसाय फायदे का सौदा है। इसे देखते हुए मशरूम के बड़े पैमाने पर उत्पादन की आवश्यकता है। हालांकि अब गांव ही नहीं, शहरों में भी शिक्षित युवा मशरूम उत्पादन को करियर के रूप में अपनाने लगे हैं।मशरूम की खेती को छोटी जगह और कम लागत में शुरू किया जा सकता है और लागत की तुलना में मुनाफा कई गुना ज्यादा होता है ।

मशरूम क्या है

मशरूम एक पौष्टिक आहार है। इसमें एमीनो एसिड, खनिज, लवण, विटामिन जैसे पौष्टिक तत्व मौजूद होते हैं। मशरूम से तरह-तरह के व्यंजन तैयार किए जा सकते हैं। मशरूम के प्रोडक्ट बना कर उनको बेचना एक अच्छा व्यवसाय हो सकता है। मशरूम पाउडर, मशरूम पापड़ और मशरूम का अचार तैयार करने का काम कुटीर उद्योग स्तर पर किया जा सकता है।

मशरूम बीज की कीमत

इसके बीज की कीमत लगभग 75 रुपए प्रति किलोग्राम होती है, जो कि ब्रांड और किस्म के अनुसार बदलती रहती है. इसलिए आपको पहले यह तय करना होगा, कि आप किस किस्म की मशरूम को उगाना चाहते है.

मशरूम कहां बेच सकते है

मशरूम की मांग कई जगहों पर होती है। इसके अलावा मशरूम का उपयोग अधिकतर चाइनीज खाने में किया जाता है. इसके अन्य लाभकारी गुणों के कारण इसको मेडिकल के क्षेत्र में भी उपयोग किया जा रहा है. इतना ही नहीं इसका निर्यात एवं आयात भी कई देशों में किया जाता है, अर्थात इसको बेचने के लिए बहुत से क्षेत्र मौजूद है.

मशरूम के व्यापार में खर्च होने वाली राशि

इस पर लगाई जाने वाली राशि आपकी क्षमता एवं व्यापार के स्तर के अनुसार बदलती रहती है.अगर आप छोटा व्यापार शुरू करते है, तो 10000 रुपए से 50000 रुपए तक लगा सकते हैं. वहीं बड़े व्यापार के लिए आप 1 लाख रुपय से 10 लाख रुपए का निवेश करना उचित रहेगा.

मशरूम के व्यापार में मिलने वाला लाभ

आप इस व्यापार में कम समय में ही अच्छा मुकाम हासिल कर सकते है. अगर आप 100 वर्गमीटर में व्यापार आरम्भ करते है, तो आपको लगभग 1 लाख रुपए से लेकर 5 लाख तक का लाभ मिल सकता है, वो भी हर साल. हालांकि ये आपकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने वाली तकनीकी पर निर्भर करेगा.

मशरूम कहां पैदा हो सकता है

मशरूम उत्पादन में मौसम का खास महत्व है। मशरूम की एक वैराइटी वॉल वैरियल्ला के लिए तापमान 30 से 40 डिग्री सेल्सियस व नमी 80 से ज्यादा होनी चाहिए। इसका उत्पादन अप्रैल से अक्तूबर के बीच किया जाता है। ऑयस्टर मशरूम के लिए तापमान 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तथा नमी 80 फीसदी से अधिक होनी चाहिए। इसके उत्पादन के लिए सितम्बर-अक्तूबर का महीना बेहतर माना जाता है। टेम्परेंट मशरूम के लिए 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान व 70 से 90 फीसदी नमी जरूरी है। इसका उत्पादन अक्तूबर से फरवरी के बीच ठीक रहता है।

बड़े स्तर पर मशरूम की खेती

बड़े स्तर पर मशरूम की खेती हेतु आपको बड़े स्थान के साथ-साथ बीज की मात्रा में भी वृद्धि करनी होती है. मतलब अंतर सिर्फ स्थान, लागत एवं कच्चे माल को खरीदने में ही होता है. मशरूम उगाने की प्रक्रिया तो सभी की एक समान ही होती है.

मशरूम की खेती करने की प्रक्रिया

मशरूम की खेती करने के लिए आपको एक कमरे की जरुरत होती है, लेकिन आप चाहें तो लकड़ियों का एक जाल बनाकर भी उसके नीचे मशरूम उगाना आरम्भ कर सकते हैं. बाकी सभी बिंदु सभी स्तर के व्यापार के लिए एक जैसे होते हैं ये निम्न प्रकार है

1.धान और गेहूं के भूसे की मदद से कॉम्पोस्ट खाद बनाना जिसके लिए आप गेहूं या धान के भूसे का उपयोग कर सकते है.

2. इसके बाद मशरूम की बुवाई की जाती है बुवाई की प्रक्रिया समाप्त हो जाने के बाद इस पैकेट में कुछ छोटे-छोटे छिद्र कर दिए जाते है. जिससे मशरूम के पौधे बाहर निकल सकें.

3. लगभग 15 दिन तक इस फसल को हवा लगने से बचाना पड़ता है,फिर 15 दिन के बाद इसी कमरे को खुला छोड़ दे या पंखे का भी इंतजाम कर दें.

4.नमी पर नियंत्रण करने के लिए आपको कभी-कभी दीवारों पर पानी का छिड़काव करना होगा,इसके बाद आपको कमरे के तापमान पर भी ध्यान देना बहुत जरुरी है. मशरूम की फसल को अच्छे से उगाने हेतु लगभग 20 से 30 डिग्री का तापमान ही ठीक रहता है.

5.अपने कमरे में मशरूम की खेती करने के लिए आपको मशरूम वाले थैले को तरीकों से रखना होता है.

6.विशेषज्ञों की माने तो इसकी फसल अधिकतम 30 से 40 दिनों के भीतर काटने के लिए तैयार हो जाती है. उसके बाद आपको इसका फल दिखाई देने लगता है, जिसे आप आसानी से हाथ से ही तोड़ सकते हैं.

सरकार द्वारा सहायता

मशरूम उत्पादन स्वरोजगार के लिहाज से अच्छा माना जा रहा है। यह काम कम पूंजी और छोटी जगह पर भी हो सकता है। सरकार इस क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के कृषि

मंत्रालय द्वारा पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जाती है।

सरकार द्वारा मशरूम की खेती के लिए प्रशिक्षण

छोटे किसानों को इस व्यापार में सब्सिडी देकर उनका मदद की जा रही है. सब्सिडी के अलावा सरकार द्वारा मुफ्त प्रशिक्षण की सुविधा भी दी जा रही है. जिसके लिए सरकार ने कई प्रशिक्षण केंद्र खोल रखे है. जहां आपको मशरूम उगाने की सभी तकनीकों के बारे में सिखाया जायेगा.

एलोवेरा जेल व जूस का व्यापार कैसे शुरू करें

बाजार में एलोवेरा की बढ़ती मांग को देखकर एलोवेरा का व्यापार करना फायदे का सौदा हो सकता है एलोवेरा का उपयोग विब्भिन्न जगह जैसे- हर्बल, कॉस्मेटिक उत्पाद, जूस और दवा कंपनियों इत्यादि में होता है, इसके उत्पादन में खर्च कम होने के साथ ही लाभ मार्जिन ज्यादा है.

एलोवेरा की खेती के व्यवसाय की लागत

एलोवेरा के व्यावसाय में होने वाला खर्च निम्न प्रकार है -(ये खर्च आपकी खेती के एरिया पर निर्भर करता है)

27500 रुपये प्लांट का खर्च,

गोबर के खाद, केमिकल और पौधों की सिचाई में लगने वाला खर्च 8750 रूपये,

उत्पादों की पैकिजिंग और श्रम का खर्च 14,500 रूपये लग सकता है.

एलोवेरा की फसल

एलोवेरा की फसल को तैयार होने में लगभग 8-18 महीने का समय लगता है लेकिन एलोवेरा कटाई कर किसानो या उद्यमी को इस बात का पता होना चाहिए की फसल कटने के 4 से 5 घंटे के अंदर प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचना होगा

एलोवेरा की खेती के लाभ

एलोवेरा की खेती के व्यावसाय में आप लगभग 60,000 रूपये तक का निवेश कर 5 से 6 लाख रूपये तक का मुनाफ़ा कमा सकते है. और साथ ही कम लागत में हैण्ड वाश सोप का बिज़नस भी शुरू कर सकते है.

एलोवेरा जैल या जूस का व्यावसाय

एलोवेरा की खेती के जैसे ही एलोवेरा जैल या जूस का बिज़नेस भी व्यापार के लिए अच्छा आईडिया है कटाई के बाद इसकेअंदर मौजूद गूदा को निकाल कर इसमें आवश्यकतानुसार पानी मिला लें, इससे आप एलोवेरा का जूस या जैल के रूप में भी अपना व्यावसाय शुरू कर सकते है.अगर आप खुद से खेती करते हुए एलोवेरा जूस या जैल का व्यवसाय करते है, तो इससे आपकी आमदनी ज्यादा होगी, अन्यथा आप ऐसे स्थान पर व्यवसाय की शुरुआत करें जहाँ से आप आसानी से कच्चे माल को प्राप्त कर सके

एलोवेरा जैल या जूस के व्यापार की लागत

एलोवेरा जूस के व्यवसाय के लिए सरकार में विभिन्न योजनाए चलायी है जिसमे काम ब्याज पर ऋण दी जाती है इसके अलावा इस पर 25 फीसदी तक सब्सिडी भी सरकार के द्वारा मुहैया कराई जाती है.

एलोवेरा जैल या जूस के व्यापार से लाभ

एलोवेरा के जूस के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाने में लगभग 6 से 7 लाख तक का निवेश करना पड़ सकता है, और 1 लीटर जूस बनाने में अंदाजन 40 रूपये तक का खर्च आता है आप इस जूस को बाजार मूल्य के हिसाब से बेचे कर 20 लाख रुपये तक मुनाफा कमा सकते है और इस निवेश को करने के बाद आप जूस बेचकर तक की कमाई कर सकते है.

एलईडी बल्ब का व्यापार कैसे शुरू करें

एलईडी लाइट का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है क्योंकि इसके इस्तेमाल से ऊर्जा की अच्छी बचत हो जाती है । गत वर्ष में सरकार ने डोमेस्टिक एफिसिएंट लाइटिंग प्रोग्राम (DEPL) की शुरुआत की थी।बाद में इस योजना का नाम बदल कर भारत सरकार ने “उजाला” कर दिया ,इस योजना के सफल होने से एलईडी के व्यापार की संभावनाएं बढती जा रही हैं और LED के व्यापार को बेहद कम पैसे में आसानी से शुरू कर लाभ कमाया जा सकता है ।

एलईडी के व्यापार के लिए जगह और सामान

एलईडी लाइट का बिज़नेस आप कई तरह कर सकते है इसके व्यापार के लिए आप चाहे तो एक दुकान किराए पर ले सकते है, यदि आपके पास कोई ऐसी जगह है, जो दूकान बन सकती है, तो आप अपना व्यापार वह से

शुरू कर सकते है । व्यपार के लिए आप एलईडी बेचने के लिए किसी होलसेलर या सप्लायर से एलईडी प्राप्त कर सकते हैं।

एलईडी लाइट के व्यापार की लागत और लाभ

एलईडी के व्यापार को शुरू करने के लिए लगभग 1.5 से 2 लाख रुपए की इन्वेस्टमेंट की आवश्यकता पड़ती है. हालाँकि इससे प्रति महीने लगभग 20,000 से 3,00,000 का मुनाफा प्राप्त हो सकता है, अतः 2 लाख के निवेश से प्रति महीने कम से कम 20,000 कमाने का ये एक अच्छा व्यापार है।

एलईडी सप्लायर बन कर बिजनेस शुरू करें

यदि आप एलईडी की शॉप ओपन नहीं करना चाहते है तो आप एलईडी सप्लायर के तौर पर अपना बिजनेस शुरू कर सकते हैं। विभिन्न दुकानों के लिए सप्लायर का काम करते हुए भी आप LED की सहायता से अच्छा लाभ कमा सकते हैं.हालाँकि सप्लायर बनने के लिए आपको रिटेल से अधिक पैसा इन्वेस्ट करना पड़ेगा. इस बिज़नेस को आप 2 से 3 लाख रुपए के इंवेस्टमेंट से शुरु कर सकते हैं। सबसे पहले आपको स्टोर के लिए जगह का इंतजाम करना होगा। साथ ही इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको एक मजबूत और सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन सर्विस की जरूरत पड़ेगी।

एलईडी व्यापार आवश्यक मशीनरी और कच्चा माल

किसी भी व्यापार में लगने वाली मशीने और कच्चा माल इस बात पर निर्भर करता है कि आप उसे किस लागत से शुरू करना चाहते है। एलईडी लाइट्स विभिन्न रेंज की जैसे 4W 6W 10W 13W 18W आदि। एक छोटी-सी असेम्बलिंग यूनिट की स्थापना करने के लिए लगभग 5 से 7 लाख रूपए की लागत आती है. हालाँकि इसके लिए सरकार द्वारा ऋण भी दिया जाया है।

एलईडी व्यापार के लिए मशीनरी निम्न प्रकार है

कॉम्पोनेन्ट फोर्मिंग,सोल्डरिंग मशीन, डिजिटल मल्टीमीटर, टेस्टर, एलसीआर मीटर, स्माल ड्रिलिंग मशीन, लक्स मीटर।

एलईडी व्यापार के लिए कच्चा माल या रॉ मटेरियल निम्न प्रकार है

लेड चिप्स, रेक्टिफिएर मशीन, हीट सिंक डिवाइस, मेटलिक कैप होल्डर, प्लास्टिक बॉडी, रिफ्लेक्टर प्लास्टिक ग्लास, कनेक्टिंग वायर, सोल्डरिंग फ्लक्स।

एलईडी लाइट का बिज़नेस शुरू करने के लिए प्रशिक्षण

भारत सरकार देश में एलईडी के प्रसार के लिए विभिन्न तरह की एलईडी सम्बंधित ट्रेनिंग दे रही है.जिससे लोग का एलईडी के बिज़नेस के रुझान बढ़े इस प्रशिक्षण के अंतर्गत ट्रेनिंग लेने वाले को एलईडी सम्बंधित सारी जानकारियाँ दी जाती हैं।

कैंडल का व्यापार कैसे शुरू करे

पुराने समय की बात करे तो पहले मोमबत्ती का उपयोग केवल बर्थडे में या घर में बिजली चले जाने पर ही उपयोग किया जाता था, लेकिन अब मोमबत्ती का बाजार बहुत बढ़ गया है जिससे इस बिज़नेस में तरक्की के नए आयाम खुल गए है। कैंडल का उपयोग विभिन्न जगहों में किया जाता है जैसे-घर की पार्टी में, बड़े-बड़े होटेल रेस्टोरेंट,शादी में आदि ।

कैंडल बिज़नेस के लिए वित्तीय योजना

किसी व्यवसाय को शुरू करने से पहले उसकी फिनांशल प्लानिंग जरूरी होती है जिससे आपको ये पता चल जायेगा कि आप अपने व्यवसाय को छोटे या बड़े तौर पर किस तरह से शुरू करना चाहते है। अगर आपको लोन की आवश्यकता हो, तो उसका कितना ब्याज कटेगा, व्यवसाय के स्थापन का खर्च आदि सभी जानकारियों को इकठ्ठा कर ले, और सबका एक खाका (blueprint) तैयार कर ले जिससे व्यवसाय को शुरू में मदद मिलती है।

मोमबत्ती के लिए कच्ची सामग्री

मोमबत्ती बनाने में लगनेवाली सामग्री निम्न प्रकार है-

पैराफिन मोम

बर्तन या पॉट

केस्टरी तेल

मोमबत्ती के धागे

विभिन्न रंग

थर्मामीटर

सेंट

ओवन

पैकेजिंग का समान

मोमबत्ती बनाने की प्रक्रिया

1.कैंडल को हाथ से बनाना

मोमबत्ती को हाथों से बनाने के लिए मोम को गर्म करके पिघलाया जाता है. उसके बाद मोम को सांचे में डाल कर ठंडा होने पर इसमें ड्रिल मशीन या मोटे से सूई के माध्यम से धागे को लगा दिया जाता है और अगर आप अपनी डिज़ाइन बनाना चाहते है तो आप अपने हिसाब से भी डिज़ाइन कर सकते है।

2.कैंडल को मशीन से बनाना

अगर आप मशीनों के द्वारा ही मोमबत्ती बनाना चाहते है तो इसके लिए तीन तरह मशीने मार्किट में उपलब्ध है

मैन्युअल मशीन

अर्द्ध स्वचलित मशीन

पूर्ण ऑटोमेटिक मशीन

मोमबत्ती पैकिजिंग

मोमबत्ती बनाने की अंतिम प्रक्रिया पैकिजिंग होती है. इसकी पैकिंग हाथ से और मोमबत्ती फिलिंग मशीन से दोनों तरह से की जा सकती है । पैकिंग से ही मोमबत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है कि अत्यधिक गर्मी या अन्य कारको की वजह से मोमबत्ती खराब न हो । इसकी पैकिंग उसके आकार के अनुसार और रंगों के अनुसार विभिन्न सजावटी पेपर या रंगीन पलास्टिक के माध्यम से की जाती है। साथ ही प्रोडक्ट की पैकिजिंग भी उसकी सेल को प्रभावित करती है ।

बिज़नेस मार्केटिंग

किसी भी बिजनेस में मार्केटिंग या विज्ञापन का बहुत ज्यादा अहम रोल होता है इस लिए आप अपने मोमबत्ती के प्रोडक्ट की मार्केटिंग करे जिससे

लोग आपके प्रोडक्ट को जाने। मार्केटिंग के लिए आपअख़बार में विज्ञापन दे सकते है,अपने बिजनेस की पोस्टर या पेम्पलेट के द्वारा, ऑनलाइन माध्यम से और सोशल साइट के माध्यम से आदि ।

मोमबत्ती के बिज़नेस की कुल लागत

इस बिज़नेस को आप लघु तौर पर लगभग 10,000 से 50,000 तक की लागत के साथ शुरू कर सकते है.आप लागत को अपनी पूंजी निवेश के अनुसार घटा-बड़ा सकते है वैसे लघु और कुटीर उद्योगों को शुरू करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाए चलाई गयी है जिसकी मदद से आप अपना बिज़नेस शुरू कर कर सकते है।

मोमबती के व्यापार में लाभ

मोमबत्ती के व्यवसाय के लिए ज्यादा लोगो की आवश्यकता नहीं होती है, जिस वजह से मोमबत्ती के व्यावसाय में अन्य व्यावसाय की तुलना में कम लागत में अधिक मुनाफा हो सकता है. आपको अपने प्रत्येक मोमबत्ती को बनाने में लगने वाले खर्चो के आधार पर लाभ का मार्जिन रखते हुए मूल्य का निर्धारण करना चाहिए, साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस व्यावसाय से जुड़े आपके प्रतिद्वंदी मोमबत्ती उत्पाद के लिए कितना मूल्य रखे हुए हैं. आपको उनसे कम मूल्य रखने की कोशिश करनी चाहिए जिससे आपके प्रोडक्ट की मांग ज्यादा हो और लाभ भी।

तुलसी की खेती बिज़नेस आईडिया

भारत में तुलसी एक पवित्र पौधे के रूप में ऊगाई जाती है।तुलसी के पौधे में औषधीय गुण भी पाए जाते है इस के सभी भाग जैसे-जड़, तना, पत्ती उपयोगी हैं. यही कारण है कि इस की मांग लगातार बढ़ती ही चली जा रही है इसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है इस तरह तुलसी के बिज़नेस का आईडिया अच्छा है और इसमें लाभ भी अधिक मिलता है। इसमें आपको तुलसी की खेती कैसे शुरू करे उससे संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे, जो आपको इस व्यापार को शुरू करने में सहायक होगी.

तुलसी के फायदे

तुलसी के पेड़ के फायदे निम्न प्रकार है

घर में आसानी से मिलने वाला तुलसी का पौधा साधारण से बुखार, कफ और गले में इन्फ़ैकशन में सहायक होता है.

तुलसी आपके हृदय को स्वस्थ रखने में भी सहायक है इसके अलावा यह केंसर में भी लाभकारी है.

अगर आप स्मोकिंग छोड़ना चाहते है, तो आपके लिए तुलसी एक उपयोगी पौधा है. तुलसी रक्त से शर्करा के स्तर को कम करने में भी सहायक है.

तुलसी बालों और त्वचा को स्वस्थ रखने में भी सहायक है. इसके अलावा अगर आपको सिरदर्द है, तब भी आपके लिए तुलसी से बनी चाय बहुत ही उपयोगी साबित होगी.

तुलसी की खेती शुरू करने में निवेश और लाभ

तुलसी की खेती के लिए आपको एक हेक्टेयर में लगभग 15 से 20 रूपए तक का खर्चा आ सकता है और साथ ही जगह की परिस्थिति के अनुसार लागत ऊपर नीचे हो सकती है अब अगर इस व्यापार में कमाई की बात करे,तो अंदाजन इस खेती में एक वर्ष मे लगभग 2 से 2.5 लाख रुपय की कमाई संभव हो सकती है

तुलसी के पौधों

तुलसी की खेती में एक एकड़ में लगभग 28000 से 30000 पौधों की रोपाई की जा सकती हैं

तुलसी की फसल तैयार करना

जब पौधों में पूरी तरह फूल आ जाएं तो रोपाई होने के बाद 10 से 12 सप्ताह के बाद कटाई के लिए तैयार हो जाती है ध्यान रहे कि तेल निकालने के लिए पौधे के 25-30 सेंटीमीटर ऊपरी शाकीय भाग की कटाई करनी चाहिए

तुलसी उत्पादन

तुलसी से हमे पहले साल में लगभग 400 किवंटल शाकीय उत्पादन मिलता है | और बाद के सालों में लगभग 700 किवंटल शाकीय फसल एक हेक्टेयर भूमि से मिलता है | जो की हर एक किसान की आमदनी के लिए बहुत लाभदायक है |

तुलसी की फसल को कैसे बेचे में मार्केट

आप चाहे तो इस फसल को सीधे मार्केट में या मंडी में बेच सकते है और लाभ कमा सकते है. इसके अतिरिक्त आप किसी कंपनी के लिए भी फ़ार्मिंग कर उन्हे अपना माल सप्लाइ कर सकते है. जिसमे आपको बाजार जाकर अपनी फसल बेचने की कोई आवश्यकता नहीं होती बल्कि कंपनी आपके खेतो में आकर आपकी फसल खुद लेती है और आपको उसका उचित मूल्य प्रदान करती है.जिससे आपको लाभ होगा.

जूट बैग का बिज़नेस कैसे शुरू करे

जूट बैग का प्रचलन हमारे देश में बहुत पहले से है अगर आप कम लागत में कोई बिज़नेस शुरू करने की सोच रहे है जूट बैग का बिज़नेस शुरू करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

पॉलिथीन में लगी रोक के कारण जूट बैगों की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसे में ये बिज़नेस फायदा का सौदे हो सकता है।आज के समय में जूट (Jute Bag Business) से बने बैग, कालीन, योगा मेट, परदे आदि का निर्यात होने लगा है। और जूट बायोडिग्रेडेबल और मजबूत होने के कारण हल्के और भारी दोनों तरह के सामान को पैक करने एवं उठाने के लिए अच्छे रहते है।

जूट बैग के लिए कच्चा माल

जूट बैग बनाने में लगनेवाली सामग्री निम्न प्रकार है-प्लेन जूट फैब्रिक रोल्स, लैमिनेटेड जूट फैब्रिक रोल की आवश्यकता होती है। अगर आपके आस-पास कोई जूट मिल है तो समान आप थोक में ले सकते हैं। इसके अलावा जिप, स्टीकर, बक्कल आदि की भी जरूरत पड़ती है।

जूट बैग बनाने की मशीनरी और उपकरण

जूट बैग सिलाई मशीन

फैब्रिक कटिंग मशीन

प्रिंटिंग एवं कलरिंग के लिए मशीन।

जूट के बिज़नेस की कुल लागत

जूट का व्यापार शुरू करने के लिए जूट फैब्रिक की सिलाई मशीन की लागत लगभग रुपए 3500 से 55,000 तक हो सकती है ये आप निर्भर करता है कि कौन-सी लेना चाहते है, इसके लिए आपको एक जूट फैब्रिक

प्रिंटिंग मशीन की भी आवश्यकता होगी। कच्चा माल, जगह आदि मिलाकर इस बिज़नेस को शुरू करने में लगभग रुपए 1 लाख से 2 लाख तक का खर्च आ सकता है ।आजकल सरकार द्वारा बिज़नेस को बढ़ावा देने के लिए बैंकों से ऋण लेने पर सब्सिडी दे रही है।तो आप लोन लेकर भी अपना बिज़नेस शुरू कर सकते हैं।

जूट मेकिंग के बिजनेस के लाभ

जूट बैग का उपयोग बड़े पैमाने में सामना को इधर उधर ले जाने में होता है जूट बैग्स अत्यधिक चलने वाला आइटम है और साथ ही डिस्पोज़बल जिसके कारण इसकी मांग बढ़ती जा रही है इस तरह जूट बिजनेस में लाभ मार्जिन बढ़ता रहता है।

पापड़ का व्यापार कैसे शुरू करें

हमारे देश में पापड़ की डिमांड हमेशा से ही बहुत रही है जिस कारण ये व्यापर पैसे कमाने का अच्छा जरिया हो सकता है हमारे यहाँ पापड़ त्योंहारो में, शादियों में और भी बहुत से प्रोग्राम में इसका उपयोग होता है। क्योकि लोगो को पापड़ को खाने के बाद और खाने के साथ खाना पसंद आता है।

पापड़ के बिज़नस के लिए आवश्यक चीज़े निम्न प्रकार है

पापड़ बिज़नस लाइसेंस

बिज़नस चाहे बड़ा हो या छोटा उसके लिए लिए लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता तो होती ही है जिससे काम बिना किसी रूकावट के किया सके

पापड़ बिज़नस जगह

पापड़ के उत्पादन के लिए जगह इस बात पर निर्भर करती है कि आप पापड़ का कितना प्रोडक्शन करना चाहते है वैसे पापड़ के व्यापार के लिए लगभग कम से कम 80 से 100 वर्ग मीटर जगह की आवश्यकता होगी। ये काम घर में भी शुरू की जा सकता है। पापड़ को सुखवाने के लिए जगह चाहिए और इसके साथ साथ थोड़ी जगह बनाने के लिए भी चाहिए होती है।

पापड़ के लिएकच्चा माल

पापड़ के कई तरह होते है, जिस भी तरह का पापड़ बनाना हो उसकी जरुरत के अनुसार सामग्री इस्तेमाल कर कर सकते है। कुछ सामग्री इस

प्रकार है – आल, तेल, मिर्च या मसाले, नमक, पीसी काली मिर्च, हींग आदि सामानों की आवश्यकता होती है।

पापड़ व्यापार के लिए मशीन

पापड़ के व्यापार में कुछ मशीनों की आवश्यकता पड़ती है जैसे

ग्राइंडिंग मशीन, मिक्सर मशीन, पापड़ प्रेस मशीन, ड्राइंग मशीन, पैकिंग मशीन आदि।

पापड़ के बिज़नेस में लागत

पापड़ के बिज़नेस को 10 हजार से लेकर 10 लाख कर का निवेश कर शुरू किया जा सकता है परन्तु व्यापार की लागत आपके बजट के अनुसार हो सकती है ।

पापड़ व्यापार से लाभ

पापड़ के व्यापार में लाभ लागत पर निर्भर करता है अगर लागत ज्यादा होगी तो लाभ भी ज्यादा होगी। ये आवशयक नही है कि कम लागत पर लाभ कम ही हो, यदि आप मार्केटिंग अच्छे से करते है और पापड़ की क्वालिटी अच्छी है तो उसकी मांग ज्यादा होगी और आप को लाभ भी हो सकता है। अनुमान के हिसाब से 1 लाख निवेश करने पर लगभग 20 से 30 हजार प्रति महीने की कमाई हो सकती है।

उत्पाद की मार्केटिंग

सबसे पहले आप को अपने पापड़ के बिज़नेस का प्रचार करना होगा, क्योंकि जब लोगो को पता चलेगा तब ही तो वो पापड़ ख़रीदेंगे तो कोई भी बिज़नेस को सफल बनाने के लिए क्वालिटी और मार्केटिंग दोनों जरुरी है आप प्रचार के लिए समाचार पत्रों, मासिक पत्रिकाओं का सहारा ले सकते है।

ध्यान देने योग्य बातें

पापड़ की क्वालिटी और स्वाद पर ध्यान दे क्योकि पापड़ अपने स्वाद और क्वालिटी की वजह से ही ज्यादा बिकता है। तो ये बहुत जरुरी हो जाता है उसका स्वाद अच्छा हो ।

पापड़ का व्यापार शुरू करने से पहले उसकी डिमांड कितनी है आदि जरुरी बातों का ध्यान रखे ।

फूलों की खेती कैसे शुरू करे

आज के समय फूलों की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। तो फूलों का बिज़नेस शुरू करना एक अच्छा आईडिया है गेंदा, गुलाब,कारनेशन, रजनीगंधा,डेहलिया, एंथुरियम , मोगरा, कॉसमॉस, गुलदाऊड़ी आदि जैसे फूलों की मांग काफी होती है। आप भी इस रोजगार को अपनाकर काफी लाभ कमा सकते हैं।

किस फूल की खेती करे

फूलों की खेती से प्राप्त हुई पैदावार मुख्य रूप अच्छे बीजों के चुनाव व खेत की अच्छी तैयारी पर निर्भर करती है। सबसे पहले आपको यह पता करना है कि कौन-सी फसल आप की जमीन को सूट करती है। किस फसल में कितना मुनाफा होता है। इस बिज़नेस के लिए आपको विभिन्न तरह के फूलो के बारे में जानकारीऔर उनको उगाने का सही तरीका जानना होगा आप फूलों की खेती कर काफी अच्छा धन कमा सकते है साथ ही औषिधीय फूलों का भी उत्पादन कर सकते है उदाहरण के लिए 1 एकड़ गुलाब की खेती करके लगभग 7 लाख रूपये तक कमा सकते हैं। गुलाब का पौधा एक बार लगाने पर 5 सालों तक फूल देता रहता है।ये जमीन के प्रकार पर भी निर्भर करता है।

फूल की खेती की तैयारी

फूलों की खेती को तैयार करने में लगभग चार से पांच महीने का समय लग जाता है। फूल उगाने के लिए पहले खेत को तैयार करना होता है। पांचवे महीने में फसल तैयार होने के तीसरे या चौथे दिन फसल को तोड़ लेना चाहिए, नहीं तो फसल खराब होने लगती है।

फूलो की खेती में लागत

फूलो की खेती की लागत उनकी वैरायटी पर निर्भर करती है उदाहरण के लिए ग्लैडोलस फूल की खेती में प्रति एकड़ लगभग एक लाख का खर्च आता है। प्रति एकड़ फसल बेचने पर दो से तीन लाख रुपए का मुनाफा मिलता है।मुनाफा आपकी चुने हुए फूल की खेती पर निर्भर करता है।

फूलों की मार्केटिंग

फूलों को आप दुकानों पर बेच सकते हैं। इनकी मांग बहुत अधिक होती है। यह तुरंत ही बिक जाता है।प्रदेश में ऐसी कई मंडियां भी हैं, जहां किसान

सीधे जाकर फूलों को उचित दर पर बेच सकता है। इसके अलावा आप फूलों के बुके (गुलदस्ते) बनाकर भी बेच सकते हैं,इसके लिए आपको फूल बांधने की कला सीखनी होगी।शादी, समारोह, पार्टिस में भी आप फूलों की सप्लाई कर सकते हैं। कई बार किसान अपनी फसल को ठेकेदारों को बेच देते हैं। वे आकर फूल तोड़ते हैं और उनको बाजार ले जाते हैं।

फूल की खेती के लिए सरकारी मदद

फूलों का उत्पादन बढ़ाने और बड़े स्तर पर फूलों की खेती करने वाले किसानों सरकारी सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें आपको फूल की खेती से जुडी सभी जानकारी दी जाती है।

बकरी पालन व्यापार कैसे शुरू करें

बकरी पालन व्यापार एक लाभदायक व्यापार है. इस व्यापार के माध्यम से अच्छा खासा लाभ कमाया जा सकता है. कृषि के साथ भी बकरी पालन बहुत आसानी से किया जा सकता है. यह फार्म कोई भी व्यक्ति कुछ सरल प्रक्रियाओं की सहायता से शुरू कर सकता है और पैसे कमा सकता है. यहाँ पर बकरी पालन सम्बंधित कुछ आवश्यक जानकारियों का वर्णन किया जा रहा है

बकरियों की नस्ल

हमारे देश में विभिन्न नस्लों की बकरियां पायी जाती हैं,आप इनमे से किसी भी बकरी की नस्ल की सहायता से अपना बकरी पालन का व्यापार आरम्भ कर सकते हैं.

बकरी पालन के लिए एक व्यवस्थित स्थान की आवश्यकता होती है. इस कार्य के लिए एक उपयुक्त स्थान का चयन करे और शेड का निर्माण करे बकरियों को शीतल पेयजल मुहैया कराएं.बकरियों के आस-पास के स्थानों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें.

बकरियों की संख्या का नियंत्रण

शेड में उतनी ही बकरियाँ पालें, जितनी आसानी से पाली जा सकती हैं. यहाँ बकरियों की भीड़ न बढाएं.

रोग निवारण और वैक्सीनेशन

बकरियों को विभिन्न तरह के रोग होने की सम्भवनाये रहती हैं., जिससे इन बकरियों को बचाने की आवश्यकता होती है. इन रोगों के रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन का प्रयोग किया जाता है.

फार्म स्थापित करने में लागत

फार्म स्थापित करने की लागत इस बात पर निर्भर करती है कि आप कितने बकरियों की संख्या के साथ फ़ार्म शुरू करना चाहते हैं. यहाँ पर एक यूनिट बकरियों की कुल लागत का विवरण दिया जा रहा है.

बकरी पालन में होने वाले लाभ

इस व्यापार में प्रति महीने बंधा बँधाया लाभ प्राप्त नहीं हो सकता है. हालाँकि कई त्यौहारों जैसे बकरीद, ईद आदि के मौके पर इन बकरियों की मांग काफी अधिक बढ़ जाती है. शुरूआती दौर में यह लाभ प्रतिवर्ष लगभग 1.5 से 2 लाख रूपए का होता है. यह लाभ प्रति वर्ष बढ़ता जाता है. बकरियाँ जितनी अधिक बच्चे पैदा करती हैं, उतना अधिक लाभ प्राप्त होता है.

सरकार की तरफ से सहायता

सरकार की तरफ से कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएँ चलाई जाती हैं. अतः आप अपने राज्य में चल रहे ऐसी योजनाओं का पता लगा कर लाभ उठा सकते है. इसके अलावा आपको नाबार्ड (NABARD) की तरफ से भी आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकती है. अतः नाबार्ड में आवेदन देकर ऋण और सब्सिडी प्राप्त किया जा सकता है.

मार्केटिंग इस व्यापार को चलाने के लिए मार्केटिंग की आवश्यकता बहुत अधिक होती है. आप अपने बकरियों से प्राप्त दूध को विभिन्न डेयरी फार्म तक पहुँचा सकते हैं. इसके अलावा अन्य तरीको से अच्छा लाभ प्राप्त कमा सकते है.

पेपर प्लेट या दोना पत्तल व्यवसाय कैसे शुरू करें

दोना पत्तल का व्यवसाय आज के समय में बहुत लाभदायक है क्योकि इसका उपयोग विभिन्न जगहों पर बढ़ता जा रहा है। इस उद्योग को कम पैसे में आसानी से शुरू किया जा सकता है और दोना पत्तल या पेपर प्लेट बनाने की मशीन की कीमत भी ज्यादा नहीं है जिससे मुनाफा कमाने की

सम्भावनाये बढ़ जाती है। दोना पत्तल हलके होने के साथ ही इस्तेमाल के बाद इसे सरल तरीके से नष्ट किया जा सकता है

पेपर प्लेट बनाने के लिए सामग्री

पेपर प्लेट बनाने के लिए आवाश्यक वस्तुएं निम्न प्रकार है

स्क्रैप पेपर, पॉलिथीन शीट्स

दोना पत्तल मेकिंग मशीन और मशीन की कीमत

इस व्यापार का अधिकतर काम मशीनों पर निर्भर करता है. इसे बनाने के स्वचालित मशीन भारत के किसी भी हिस्से में मिल सकती है. यदि बड़ी मशीन ख़रीदना चाहते हो, तो कीमत अधिक लग सकती हैवैसे कम कीमत पर हस्तचालित मशीन भी मिल सकती है, जो व्यापार को छोटे पैमाने पर शुरू करने के लिए एक अच्छा विकल्प है. हस्तचालित मशीन की शुरुआत रू 9,000 से रु 25,000 तक होती है. मशीन की कीमत उसकी स्पीड और एक्यूरेसी पर निर्भर करती है जो 35000 और 1 लाख तक हो सकती है कुछ मशीनों के नाम इस प्रकार है-

पैकिंग बैग को सीने की मशीन

वेट मशीन

आटोमेटिक पेपर मेकिंग मशीन

पेपर प्लेट बनाने की व्यापार लागत

इस व्यापार को शुरू करने के लिए कुल लागत आपके द्वारा खरीदे गये कच्चे माल और मशीन पर निर्भर करती है.

पेपर प्लेट बनाने के व्यापार कीमार्केटिंग

एक नए ब्रांड को अस्तित्व में आने के लिए काम करना पड़ता है. और साथ ही कीमत भी औसत रखनी होती है साथ ही प्रोडक्ट की मार्केटिंग करना बहुत ज़रूरी हो जाता है. अपनी सेल को बढ़ाने के लिए प्रोडक्ट का प्रचार करे.

पेपर प्लेट की पैकेजिंग

पैकेजिंग में विशेष ध्यान रखें कि एक पैकेट में कितने प्लेट्स देने हैं इसके लिए आप 100 प्लेट्स का एक पैकेट बना सकते हैं. इससे आपको उसकी कीमत क्या होगी इसका भी निर्धारण करने में आसानी होगी.

पेपर प्लेट बनाने में मुनाफा

यदि आप एक प्लेट की कीमत 80 पैसे रखते हैं और एक पैकेट में 100 प्लेट्स देते हैं तो इसकी कीमत 80 रू की होगी. यही प्लेट खुदरे में 1 रू में बिकेगी और दुकानदार को 20 पैसे का लाभ होगा. व्यापर में मुनाफा होने की सम्भवनाये बहुत ज्यादा रहती है

ब्यूटी पार्लर का व्यापार कैसे शुरू करे

ब्यूटी पार्लर को ब्यूटी सैलून भी कहा जाता है आज सब लोग सुन्दर दिखना चाहते है और क्यों न चाहें। सुन्दर दिखना हमेशा से लोगों की चाहत रही है। ब्यूटी पार्लर बिसनेस एक ऐसा व्यापार है जिसे कोई भी कर सकता है अगर ब्यूटीपार्लर बिज़नस सही ढंग से एक बेहतर आईडिया के साथ शुरू किया जाए तो यह एक बहुत ही फायदेमंद बिज़नस हो सकता है। आप चाहे तो ब्यूटीपार्लर बिज़नस को घर से ही शुरू कर सकते है और आगे जाकर इसके लेवल को बढ़ा सकते है।

ब्यूटी पार्लर शैक्षिक योग्यता

ब्यूटी पार्लर बिज़नेस को करने के लिए आपको ब्यूटी पार्लर का कोर्स करना होगा।जो आप किसी भी अच्छे ब्यूटी पार्लर, किसी संस्थान या सरकार द्वारा चलाये जा रहे रोजगार ट्रेनिंग योजना के माध्यम से कर सकते है।जिसके अंतर्गत वे स्टूडेंट्स को सभी तथ्यों की जानकरी देते है जो भविष्य में व्यापार जरुरी होती है।

ब्यूटी पार्लर के लिए जगह

ब्यूटी पार्लर एक ऐसा बिज़नेस जिसे आप घर से शुरू कर सकती है,जिससे आपकी लागत भी काम होगी साथ ही इस बिज़नेस में लाभ होने की सम्भावनाये तो रहती ही है। बाद में समय अनुसार आप इसे शॉप में ट्रांसफर कर सकती है क्यूंकि इस बिजनेस में लाभ के लिए सही जगह में बिजनेस का होना बहुत जरुरी है तो ऐसी जगह का चयन कर जो इस व्यापारके लिए उपयुक्त हो। अगर आपका बिज़नेस घर से अच्छा चल रहा है तो जरुरी नहीं कि आप नयी जगह ले ।

ब्यूटी पार्लर शुरू करने में लागत और लाभ

यह बात आप पर निर्भर करती है कि आप ब्यूटी पार्लर का बिज़नस किस लेवल से शुरू करना चाहती है-छोटे स्तर पर या बड़े स्तर पर। और आप

चाहें तो ₹50,000 से भी ब्यूटी पार्लर शुरू कर महीने में कम से कम ₹15000 आसानी से कम सकती है | अगर आप कुछ ज्यादा बड़े स्तर पर काम शुरु करती हैं, तो आप ₹50,000 महीने भी कमा सकती हैं | आप चाहें तो ब्यूटी पार्लर खोलने के लिए लोन भी ले सकती हैं | सरकार भी Beauty Porlour Business Start करने के लिए लोन की सुविधा दे रही है |यदि आपने खादी ग्रामोद्योग से ब्यूटीशियन का कोर्स किया है तो आप उसके सर्टिफिकेट पर भी लोन ले सकती हैं, जिसमें आपको कुछ छूट भी मिलेगी | उसके बाद जैसे-जैसे आपका काम बढ़ता जाएगा उसी के अनुसार आपकी आमदनी भी बढ़ती जाएगी |

ब्यूटी पार्लर में उपयोगी समान व अन्य मटेरियल

आपको ब्यूटी पार्लर के लिए कुछ मशीनों की जरुरत हो सकती है वैसे आप अपने बजट के अनुसार मशीने ले सकते है जैसे -अल्ट्रासोनिक मशीन,सम्पू वाश यूनिट,गैल्वेनिक मशीन,हेड स्टीमर,हेअर ड्रायर,फेसियल स्टीमर,फेसियल बेड,ट्राली,फुट स्पा,ड्रेसिंग मेज,दर्पण,चेयर,कुर्सी,बॉडी मसाजर,ट्रिमर,

अन्य सामग्री-ब्यूटी पार्लर में मशीनो के साथ ही कुछ अन्य मटेरियल की भी जरुरत होती है जैसे-तौलिये,हाइड्रोजन परोसाइड,हेअर स्प्रे,वैक्स,हेअर जेल,सम्पू,ब्यूटी क्रीम,पाउडर आदि|

ब्यूटी पार्लर कैटलॉग

ब्यूटी पार्लर में कस्टमर को जानकारी देने के लिए एवं उनके पसंद के अनुसार मेकअप करने के लिए निम्नलिखित प्रकार के कैटलॉग की आवश्यकता होगी,जिससे ग्राहक को अपनी पसंद मेकअप आदि चुनने में आसानी होगी|

ब्यूटी सैलून में हेयर कलर के विभिन्न शेड के संग्रह वाला एक कैटलॉग।

विभिन्न हेयर कट के संग्रह वाला कैटलॉग।

मेहंदी की डिज़ाइन के कलेक्शन वाला कैटलॉग रखना होगा।

हेयर स्टाइल का क्टालोग।

प्राइस लिस्ट सभी सेवाओं के विवरण के साथ रखना होगा।आदि

ब्यूटी पार्लर की मार्केटिंग

किसी भी बिज़नेस के लिए पब्लिसिटी की जरूरत होती है जिससे लोग उससे जान पाए सके समय-समय बढ़िया आकर्षक स्कीम निकाले जिससे ग्राहकों आकर्षित हो अगर आपने नया-नया ब्यूटी पार्लर खोला है और आप चाहती हैं कि आपके पार्लर में नए-नए ग्राहक आते रहे तो आप इसमें थोड़ा सा डिस्काउंट दे और डिस्काउंट की टाइम लिमिट भी सेट करें |और जैसे-जैसे आपके कस्टमर बढ़ेंगे वैसे-वैसे आपकी इनकम भी बढ़ती जाएगी | ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार भी आपकी इनकम की ग्रोथ को बढ़ाता है |

मधुमक्खी पालन का व्यापार कैसे शुरू करें

मधुमक्खी पालन एक कृषि आधारित उद्यम है, जिसे किसान अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए अपना सकते हैं। मधुमक्खी पालन एक ऐसा व्यवसाय है जो खेती किसानी से जुड़े लोग या फिर कोई अन्य लोग इस व्यवसाय को अपनाकर एक साल में लाखों की कमाई कर सकते है। मधुमक्खियां फूलों के रस को शहद में बदल देती हैं और उन्हें अपने छत्तों में जमा करती हैं। मधुमक्खी पालन के उत्पाद के रूप में शहद और मोम आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इस व्यवसाय में कम लागत और कम पूंजी लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है।

मौन पालन व्यवसाय हेतु प्रजातियां

एपिस सिराना इंडिका— इसे भारतीय मौन के नाम से जाना जाता है।

एपिस मैली फेरा– इसे इटैलियन मधुमक्खी के नाम से जाना जाता है।

मौन गृह खरीदते समय ध्यान देने वाली बाते

मौन गृह मोटी और गन्ध रहित लकड़ी के बने हो।

मौन गृह में एक स्वस्थ रानी हो।

मौन गृह में पर्याप्त मात्रा में मकरंद व पराग हो।

मौन गृह में 5-6 फ्रेम मधुमक्खी, अंडा, लारवा व प्यूपा से भरी हो ।

बक्सों के स्थानातरंण का कार्य रात में ही करना चाहिए।

मौन गृह रखरखाव

बॉक्स को छायादार स्थान पर रखे।

बरसात के समय मौन गृह को ऊँचे और खुले स्थान में रखे।

आस-पास की घास इत्यादि साफ़ करते रहे।

भोजन न होने पर 50 प्रतिशत चीनी की चाशनी बना कर दे।

व्यवसाय को शुरू करने के लिए इन चीजों की पड़ती हैं जरूरत-

खुली जगह की आवश्यकता होती है, जहां पर आप मधुमक्खियों के पालन के लिए पेटियां रख सके।

लकड़ी के बने बक्से मुंह रक्षक जाली रानी मक्खी हाथों के लिए दस्ताने धुंआदानी समेत औजारों की आवश्यकता पड़ती है।

अगर आप 200 से 300 पेटियां मधुमक्खियां पालते हैं तो आपको 4 से 5 हजार स्क्वायर फीट की जमीन लेनी पड़ती है, जो आपको 9 से 10 लाख रुपये तक मिल जाएगी। (आप अपने व्यापार के अनुसार जगह के सकते है

उत्पादन प्रक्रिया

मधुमक्खियां खेत या घर में बक्सों में पाली जा सकती हैं।

मधुमक्खी पालन के लिए अवश्यक सामग्री- मौन पेटिका, मधु निष्कासन यंत्र, स्टैंड, छीलन छुरी, छत्ताधार, रानी रोक पट, हाईवे टूल (खुरपी), रानी रोक द्वार, नकाब, रानी कोष्ठ रक्षण यंत्र, दस्ताने, भोजन पात्र, धुआंकर और ब्रुश.

छत्तों की स्थापना-सभी बक्से खुली और सूखी जगहों पर होने चाहिए। यदि यह स्थान किसी बगीचे के आसपास हो तो और भी अच्छा होगा। बगीचे में पराग, रस और पानी का पर्याप्त स्रोत हो।

मधुमक्खियों की कॉलोनी की स्थापना-मधुमक्खी कॉलोनी की स्थापना के लिए मधुमक्खी किसी जंगली छत्तों की कॉलोनी से लेकर उसे छत्ते में स्थानांतरित किया जा सकता है या फिर उधर से गुजरनेवाली मधुमक्खियों के झुंड को आकर्षित किया जा सकता है।

कॉलोनियों का प्रबंधन-मधुमक्खी के छत्तों का शहद टपकने के मौसम में, खासकर सुबह के समय सप्ताह में कम से कम एक बार निरीक्षण करें।

कॉलोनियों पर नियमित निगाह रखें और देखते रहें कि स्वस्थ रानी, छत्ते का विकास, शहद का भंडारण, पराग कण की मौजूदगी, रानी का घर और मधुमक्खियों की संख्या तथा छत्तों के कोष्ठों का विकास हो रहा है।

मधुमक्खी पालन का आर्थिक आय-व्यय विवरण

मधुमक्खी पालन का महत्व फलों, तरकारियों, दलहनी, तिलहनी फसलों पर परागण के द्वारा उपज की बढ़ोत्तरी तो होती ही है, इसके साथ-साथ इसके द्वारा उत्पादित मधु, मोम का लाभ भी मिलता है।स्थापना के प्रथम वर्ष में तीन मौन वंश से दो अतिरिक्त मौन वंश एवं 20-25 किलोग्राम मधु का उत्पादन करके लगभग 2000 से 2500 रूपये की आय प्रति वर्ष होती है। दूसरे वर्ष में केवल 300 से 350 रूपये व्यय करके मधु का उत्पादन करके लगभग 3500 रूपये से 4000 रूपये तक की प्रतिवर्ष आय की जा सकती है।

शहद का उपयोग

शहर का आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाओं के रूप में उपयोग किया जाता है।

यह रक्त शोधक होता है।

आंख, गले व जीभ के छालों को ठीक करता है।

शरीर को शक्ति प्रदान करता है।